# मासिक करंट अफेयर्स

## मार्च २०१९: आर.आर.बी./एस.एस.सी जूनियर इंजीनियर परीक्षा



www.gradeup.co

# मासिक करंट अफेयर्स मार्च-2019

**प्रिय पाठकों,**

यह मासिक करंट अफेयर्स अपडेट '**मार्च-2019**' में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फ़ाइल आगामी रेलवे, एसएससी और अन्य परीक्षाओ के लिए महत्वपूर्ण है।

## महत्वपूर्ण दिवस

1. संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा शून्य भेदभाव दिवस **1 मार्च को** मनाया जाता है।
   **नोट:** इस दिवस का उद्देश्य कानून के समक्ष समानता को बढ़ावा देना और संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों में इसे अभ्यास में लाना।भारत में प्रचारकों ने इस अवसर का उपयोग LGBTI समुदाय के प्रति भेदभाव करने वाले कानूनों के खिलाफ बोलने के लिए किया है, विशेष रूप से भारतीय दंड संहिता की धारा 377 जो समलैंगिकता को अपराध बनाती है।
2. विश्व वन्यजीव दिवस दुनिया भर में **3 मार्च को** मनाया जाता है।
   **नोट:** यह दिवस दुनिया भर के वन्य जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। विश्व वन्यजीव दिवस 2019 का विषय "Life Below Water: For people and planet" है।
3. धार्मिक उत्साह और उल्लास के साथ देश भर में महाशिवरात्रि का पर्व **4 मार्च को** मनाया गया।
   **नोट:**महाशिवरात्रि 'भगवान शिव' के भक्तों का सबसे बड़ा पर्व है। हजारों भक्त उपवास रखकर और विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा करके इस त्योहार को मनाते हैं। 'महाशिवरात्रि' हिंदुओं के भगवान शिव को समर्पित एक वार्षिक पर्व है और यह हिंदुओं में शैव धर्म परंपरा में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।
4. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (IWD) हर वर्ष **8 मार्च को** मनाया जाता है।
   **नोट:** यह वह दिवस है जब महिलाओं की उपलब्धियों को राष्ट्रीय, जाति, भाषा, सांस्कृतिक, आर्थिक या राजनीतिक क्षेत्रों के बिना मान्यता प्रदान की जाती है।वर्ष 2019 के लिए संयुक्त राष्ट्र महिला दिवस का विषय **'Think Equal, Build Smart, Innovate for Change'** है।महिला दिवस पहली बार 28 फरवरी, 1909 को अमेरिका के न्यूयॉर्क में मनाया गया था।
5. सरकार देश भर में 'पोषण पखवाड़ा' **8 से 22 मार्च 2019 तक** मनाया।
   **नोट:** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पोषण अभियान (8-22 मार्च, 2019) की पहली वर्षगांठ मना रहा है।पोषण पखवाड़ा के दौरान 15 मार्च, 2019 को कृषि-पोषण पर कार्यशाला आयोजित किए जाने की भी योजना है।महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस महीने के दौरान गतिविधियों के समन्वयन के लिए नोडल मंत्रालय है।
6. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) ने अपना **34वां स्थापना दिवस** मनाया।
   **नोट:**राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की स्थापना वर्ष 1986 में भारतीय पुलिस को सूचना प्रौद्योगिकी से सशक्त बनाने के लिए की गई थी।ब्यूरो भारत सरकार की राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना के तहत एक मिशन मोड प्रॉजेक्ट 'क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम'



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

(CCTNS) के कार्यान्वयन के लिए एजेंसी की निगरानी कर रहा है।

7. विश्व किडनी दिवस प्रतिवर्ष **14 मार्च (मार्च का दूसरा गुरुवार)** को मनाया जाता है।
**नोट:**इस वर्ष का विषय 'हर जगह हर किसी के लिए किडनी की आरोग्यता' (Kidney Health for Everyone Everywhere) है।यह दिवस किडनी के महत्व पर जागरूकता फैलाने और किडनी की बीमारी की संभावना और प्रभाव को कम करने के लिए मनाया जाता है।

8. विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस वैश्विक स्तर पर **15 मार्च को** मनाया जाता है।
**नोट:** इस वर्ष का विषय **'विश्वसनीय स्मार्ट उत्पाद'** (Trusted Smart Products) है।पहला विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस वर्ष 1983 में मनाया गया और नागरिक कार्यों को संगठित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर बन गया।

9. विश्व निद्रा दिवस 2019 **15 मार्च को** मनाया गया।
**नोट:**यह दिवस स्वस्थ नींद को बढ़ावा देता है और चिकित्सा, शिक्षा एवं सामाजिक पहलुओं सहित इसके संबंधित मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित करता है।इस वर्ष का विषय 'स्वस्थ नींद, स्वस्थ आयुवृद्धि' (Healthy Sleep, Healthy Aging) है।यह दिवस पृथ्वी पर मार्च विषुव से पहले शुक्रवार को वार्षिक रूप से मनाया जाता है।

10. पूरे विश्व में 'अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस' **20 मार्च को** मनाया जाता है।
**नोट:** इस दिवस की स्थापना 28 जून, 2012 को संयुक्त राष्ट्र सलाहकार 'जेम इलियन' ने की थी।

11. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सभी प्रकार के वनों के महत्व को समझाने और जागरुकता फैलाने के लिए **अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस 21 मार्च को** निर्धारित किया।
**नोट:**वनों का वैश्विक उत्सव सभी प्रकार के जंगलों, पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने और उन तरीकों का उत्सव मनाने के लिए एक मंच प्रदान करता है जिसमें वे पोषण प्राप्त करते हैं और हमारी रक्षा करते हैं।

12. विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस (WDSD), (Schrage Day) **21 मार्च को** मनाया जाता है।
**नोट:**यह दिवस डाउन सिंड्रोम पीड़ित लोगों के अधिकारों, समावेशन और भलाई हेतु सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।

13. विश्व कविता दिवस हर वर्ष **21 मार्च को** मनाया जाता है।
**नोट:**यह दिवस दुनिया भर में कविता के अध्ययन, लेखन, प्रकाशन और शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।21 मार्च को विश्व कविता दिवस घोषित करने का निर्णय वर्ष 1999 में पेरिस में आयोजित यूनेस्को के 30वें सत्र के दौरान लिया गया।

14. अंतर्राष्ट्रीय नस्लीय भेदभाव उन्मूलन दिवस हर वर्ष **21 मार्च को** मनाया जाता है।
**नोट:**वर्ष 2019 का विषय 'बढ़ती राष्ट्रवादी लोकप्रियता और अतिवादी विचारधाराओं की गंभीरता को कम करना और उनका मुकाबला करना' (Mitigating and countering rising nationalist populism and extreme supremacist ideologies) है।**संयुक्त राष्ट्र महासभा** ने वर्ष 1966 में लोगों को नस्लीय भेदभाव का मुकाबला करने के प्रति अपने दायित्व और दृढ़ संकल्प को याद करने के लिए प्रोत्साहित किया।

15. विश्व जल दिवस हर वर्ष **22 मार्च को** मनाया जाता है।
**नोट:**इस वर्ष का विषय **'कोई पीछे न छूटे'** (Leaving no one behind) है।यह सतत विकास के लिए 2030 का एजेंडा: सतत विकास से सभी को लाभ होगा, के केंद्र सरकार के वादे का एक रूपांतर है।

16. भारत और विदेश में रहने वाले पारसियों द्वारा उत्साहपूर्वक मनाया गया नव वर्ष **-- नवरोज।**
**नोट:**नवरोज, वसंत विषुव का दिन है और उत्तरी गोलार्ध में वसंत के आगमन का प्रतीक है।यह ईरानी कैलेंडर में पहले महीने (फारवारदीन) के पहले दिन को दर्शाता है।

17. बिहार राज्य ने 107वां स्थापना दिवस **22 मार्च** को मनाया।



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

**नोट:**बिहार दिवस हर वर्ष 22 मार्च को मनाया जाता है, जो बिहार राज्य की स्थापना का प्रतीक है।आज ही के दिन वर्ष 1912 में अंग्रेजों ने बंगाल प्रेसीडेंसी से राज्य को अलग किया था।

**18.** गुलामी के शिकार और ट्रांसअटलांटिक दास व्यापार के स्मरण का अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर वर्ष **25 मार्च को** मनाया जाता है।

**नोट:**वर्ष 2019 का विषय "दासता का स्मरण : न्याय के लिए कला की शक्ति" (Remember Slavery: The Power of the Arts for Justice) है।

**19.** संयुक्त राष्ट्र (UN) का विश्व मौसम विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष **23 मार्च को** मनाया जाता है।

**नोट:** WMD 2019 का विषय **'सूर्य, पृथ्वी और मौसम'** (The Sun, the Earth and the Weather) है।

**20.** "विश्व क्षय रोग दिवस" हर वर्ष **24 मार्च को** मनाया जाता है।

**नोट:** विश्व क्षयरोग दिवस 2019 का विषय **"यह समय है"** (It's time) है।क्षय रोग (टी.बी), माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस (एम.टी.बी) नामक जीवाणु से फैलने वाला एक संक्रामक रोग है।

**21.** बंदी एवं लापता स्टाफ सदस्यों के साथ अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता दिवस प्रत्येक वर्ष **25 मार्च को** मनाया जाता है।

**नोट:**संयुक्त राष्ट्र के खिलाफ हमले तेज होने के साथ ही हाल के वर्षों में बंदी एवं लापता स्टाफ सदस्यों के साथ अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता दिवस और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

**22.** विश्व रंगमंच दिवस (WTD) वैश्विक स्तर पर हर वर्ष **27 मार्च को** मनाया जाता है।

**नोट:**विश्व रंगमंच दिवस को वर्ष 1961 में अंतर्राष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन इंटरनेशनल थिएटर इंस्टीट्यूट (आई.टी.आई), फ्रांस द्वारा आरंभ किया गया था।आई.टी.आई की स्थापना वर्ष 1948 में यूनेस्को और अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच समुदाय द्वारा की गई थी।

## श्रद्धांजलियां

1. रूसी भौतिक विज्ञानी और नोबेल पुरस्कार विजेता **जोरेस अल्फेरोव का** निधन हो गया।

   **नोट:** अल्फेरोव को वर्ष 2000 में, उच्च गति और प्रकाश इलेक्ट्रॉनिकी में उपयोग किए जाने वाले सेमीकंडक्टर हेट्रोस्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए, अमेरिकी वैज्ञानिकों जैक किल्बी और हर्बर्ट क्रोएमेर के साथ भौतिकी में नोबेल पुरस्कार मिला। उन्हें वर्ष 1972 में USSR एकेडमी ऑफ साइंसेज का एक समतुल्य सदस्य और वर्ष 1979 में एक पूर्ण सदस्य चुना गया।

2. नेपाल के पूर्व उप-प्रधानमंत्री **भरत मोहन अधिकारी** का काठमांडू में निधन हो गया।

   **नोट:** श्री अधिकारी आम लोगों के बीच विकास कार्यक्रम **'आफनों गाउं आफैं बनाऊं'** की शुरुआत करने के लिए बहुत लोकप्रिय थे, जिसका उद्देश्य देश भर के गांवों को **स्थानीय परियोजनाओं** का चयन करने का अधिकार प्रदान करके उनका विकास करना था।

3. अमेरिकी अभिनेता **ल्यूक पेरी का** अमेरिका के कैलिफोर्निया में निधन हो गया।

   **नोट:** वह वर्ष 1990 से 1995 और फिर वर्ष 1998 से 2000 तक टीवी श्रृंखला **बेवर्ली हिल्स, 90210** में डायलन मैक्के की भूमिका के लिए किशोरों के आदर्श बन गए थे।वर्ष 2017 तक अपनी मृत्यु तक, पेरी ने CW श्रृंखला रिवेरडेल में आर्ची के पिता, फ्रेडरिक "फ्रेड" एंड्रयूज का किरदार निभाया।

4. पूर्व केंद्रीय मंत्री **वी. धनंजय कुमार** का लंबी बीमारी के बाद मंगलुरु में निधन हो गया।



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ
आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

**नोट:** श्री कुमार (चार बार के लोकसभा सदस्य) ने कर्नाटक के तीन प्रमुख दलों में कार्य किया, जिनमें कांग्रेस, भाजपा और जनता दल (सेक्युलर) शामिल हैं।चुनावी राजनीति में उनका सफर वर्ष 1983 से शुरू हुआ जब वे पहली बार भाजपा से विधायक बने।

5. अनुभवी हिंदी समाचारवाचक **विनोद कश्यप** का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया।

**नोट:**उन्होंने लगभग 30 वर्षों तक आकाशवाणी में कार्य किया।अनुभवी समाचार-वाचक ने रेडियो में एक नाटक कलाकार के रूप में अपना करियर शुरू किया।

6. अमेरिका की उत्कृष्ट और विलक्षण प्रतिभा युक्त साइकलिस्ट **केली कैटलिन** का अमेरिका में निधन हो गया।

**नोट:** कैटलिन ने वर्ष 2016 और 2018 के बीच लगातार तीन विश्व खिताब हासिल करने में प्रमुख अमेरिकी टीम की सहायता की। उन्होंने वर्ष 2016 के रियो ओलंपिक में टीम प्रतिस्पर्धा में रजत पदक भी जीता।परस्यूट टीम व्यक्तिगत परस्यूट के समान एक ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता है, बस इसमें दो टीमें नहीं होती हैं जिसमें चार राइडर तक होते हैं, ये टीम वेलोड्रोम के विपरीत किनारों से शुरु करके प्रतिस्पर्धा को पूरा करती हैं।

7. गोवा के मुख्यमंत्री **मनोहर पर्रिकर** का लंबी बीमारी के बाद पणजी में निधन हो गया।

**नोट:** श्री पर्रिकर के शरीर में पिछले वर्ष फरवरी में अग्नाशय की बीमारी का पता चला था।तब से, उन्होंने मुंबई, नई दिल्ली, गोवा और अमेरिका के विभिन्न अस्पतालों में इलाज कराया। उन्होंने अक्टूबर, 2000 से फरवरी, 2005 और मार्च, 2012 से नवंबर, 2014 तक राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया।

8. अनुभवी बंगाली अभिनेता **चिन्मय रॉय** का हाल ही में निधन हो गया।

**नोट:** उनका जन्म 16 जनवरी, 1940 को कुमिला जिले में हुआ था, जो अब बांग्लादेश में है।वह बंगाली फिल्मों में अपनी हास्य भूमिकाओं के लिए प्रसिद्ध थे, हालांकि अपनी बहुमुखी प्रतिभा से उन्होंने कई तरह की भूमिकाएं निभाईं।

9. पूर्व सांसद और राज्य मंत्री **वाई.एस. विवेकानंद रेड्डी** का कडपा में निधन हो गया।

**नोट:** वे पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी (वाई.एस.आर) के छोटे भाई और वाई.एस.आर. कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के अंकल थे।उन्होंने पुलिवेंदुला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से दो बार (वर्ष 1989 और वर्ष 1994 में) जीत हासिल की और संसद में दो बार कडपा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

10. वरिष्ठ पत्रकार और पर्यावरण कार्यकर्ता **डैरिल डी'मोंटे** का बीमारी के बाद मुंबई में निधन हो गया।

**नोट:** उन्होंने द टाइम्स ऑफ़ इंडिया और द इंडियन एक्सप्रेस के मुंबई संस्करणों के स्थानिक संपादक के रूप में कार्य किया।वह वर्ष 1993 में जर्मनी के ड्रेसडेन में इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायर्नमेंटल जर्नलिस्ट (IFEJ) के संस्थापक-अध्यक्ष थे।

11. व्हाइट हाउस के पूर्व अर्थशास्त्री और प्रिंसटन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर **एलन क्रूगर** का निधन हो गया।

**नोट:**श्री क्रूगर ने राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के अंतर्गत श्रम विभाग में मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में कार्य किया और पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के अंतर्गत वर्ष 2011 से 2013 तक आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष रहे।

12. सुलूर निर्वाचन क्षेत्र से AIADMK के विधायक **आर. कानगाराज** का दिल का दौरा पड़ने के कारण निधन हो गया।

**नोट:** वह सुलूर निर्वाचन क्षेत्र से पहले विधायक (AIADMK) थे।उनके निधन पर कई नेताओं ने उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

13. प्रख्यात मलयालम लेखिका और कवयित्री **अशिता** का केरल के त्रिशूर स्थित एक निजी अस्पताल में निधन हो गया।



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

**नोट:** अशिता को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जिनमें प्रतिष्ठित एडसेरी अवार्ड (1986) और ललितांबिक अन्र्थजनम अवार्ड (1994) शामिल हैं।उन्होंने महाराजा कॉलेज, एर्नाकुलम से अंग्रेजी साहित्य में स्नातक और स्नातकोत्तर किया।

**14.** प्रसिद्ध गायक-गीतकार **स्कॉट वॉकर** का निधन हो गया।

**नोट:**स्कॉट वाकर ने 60 के दशक में **'द वॉकर ब्रदर्स'** (स्कॉट वॉकर, जॉन मौस, गैरी लीड्स) के प्रमुख व्यक्ति के रूप में प्रसिद्धि हासिल की।ओहायो में जन्मे वॉकर प्रयोगात्मक संगीत की दुनिया में अपनी मध्यम सुरीली आवाज के लिए जाने जाते हैं।

**15.** कर्नाटक के नगर पालिका मंत्री **सी.एस. शिवल्ली** का एक अस्पताल में निधन हो गया।

**नोट:** शिवल्ली धारवाड़ जिले के कुंडगोल निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार चुने गए। उन्होंने वर्ष 1999 में एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना पहला चुनाव जीता।

**16.** प्रसिद्ध दक्षिण एशियाई गायिका **शहनाज़ रहमतुल्लाह** का ढाका में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

**नोट:**उनका पेशेवर अनुभव 11 वर्ष की उम्र में नोतुन सुर (1963) की एक पार्श्व गायिका के रूप में शुरू हुआ, और वह वर्ष 1964 से टेलीविजन पर आईं।उन्हें वर्ष 1990 में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ महिला गायिका) और एकुशे पदक (वर्ष 1992 में) से सम्मानित किया गया था।

**17.** सोवियत संघ काल के प्रथम रूसी अंतरिक्ष यात्री **वैलेरी बायकोवस्की** का हाल ही में निधन हो गया।

**नोट:**वैलेरी बायकोवस्की अंतरिक्ष में जाने वाले 11वें व्यक्ति थे और उन्होंने सबसे लंबी एकल अंतरिक्ष उड़ान के लिए रिकॉर्ड कायम किया था।बायकोवस्की अंतरिक्ष जाने के लिए चुने गए पहले समूह में 20 सोवियत सैन्य पायलटों में से एक थे।उन्होंने पहली बार जून 1963 में वोस्तोक -5 चालक दल के एक सदस्य के रूप में अंतरिक्ष में उड़ान भरी थी।उन्होंने वर्ष 1982 में अंतरिक्ष यात्री दल को छोड़ दिया और बाद में मॉस्को के पास स्टार सिटी में गगारिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में कई भूमिकाओं में कार्य किया।

**18.** फॉर्मूला वन के निदेशक **चार्ली व्हिटिंग** का ऑस्ट्रेलिया में निधन हो गया।

**नोट:**फॉर्मूला वन रेस के निदेशक **चार्ली व्हिटिंग** (66 वर्षीय) का वर्ष की पहली **ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स** से तीन दिन पहले फेफड़ों संबंधी वाहिकारोध (pulmonary embolism) से निधन हो गया।

## नई नियुक्तियां

1. पूर्व वित्त सचिव **अजय नारायण झा, 15वें वित्त आयोग** के सदस्य के रूप में शामिल हुए।

   **नोट:** झा को RBI गवर्नर नियुक्त किए जाने के बाद पद से इस्तीफा दे चुके शक्तिकांत दास के स्थान पर नियुक्त किया गया। श्री झा केंद्र सरकार में वित्त सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

2. पूर्व वित्त सचिव **हसमुख अधिया को** बैंक ऑफ बड़ौदा (BoB) का गैर-कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया।

   **नोट:** मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने बैंक ऑफ बड़ौदा बोर्ड में अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक के साथ-साथ गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी। इससे पहले, श्री अधिया वित्त सचिव के रूप में कार्यरत थे।

3. वियतनाम में भारत का राजदूत **प्रणय कुमार वर्मा को** नियुक्त किया गया।

   **नोट:** वर्तमान में, श्री वर्मा विदेश मंत्रालय (MEA) में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं।एक राजदूत को



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

आमतौर पर एक अन्य संप्रभु राज्य में उनकी अपनी सरकार के निवासी प्रतिनिधि के रूप में प्रमाणित होता है जो एक विशेष और प्राय: अस्थाई राजनयिक कार्य के लिए नियुक्त होता है।

4. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष **भगवान लाल साहनी को** नियुक्त किया गया।
**नोट:** कौशलेंद्र सिंह पटेल, सुधा यादव और आचार्य तलोजू को आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अधिनियम, 1993 को रद्द करने के बाद, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC) को वर्ष 2018 में संसद द्वारा संवैधानिक दर्जा दिया गया था।

5. देश के प्रमुख बहु-विषयक परमाणु अनुसंधान केंद्र **भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र** (BARC) का निदेशक **अजीत कुमार मोहंती को** तीन वर्ष के लिए नियुक्त किया गया।
**नोट:** वह वर्तमान में BARC में **भौतिकी समूह के निदेशक** और साहा नाभिकीय भौतिकी संस्थान में निदेशक हैं।BARC मुंबई में स्थित भारत का प्रमुख परमाणु अनुसंधान केंद्र है।यह एक बहु-विषयक अनुसंधान केंद्र है जिसमें परमाणु विज्ञान, अभियांत्रिकी और संबंधित क्षेत्रों के संपूर्ण विस्तार को कवर करने वाली उन्नत अनुसंधान और विकास के लिए व्यापक अवसंरचना है।

6. **सऊदी अरब** में भारत का राजदूत **डॉ. औसफ सईद को** नियुक्त किया गया।
**नोट:** वह अहमद जावेद की जगह लेंगे, जो सऊदी अरब में राजदूत के रूप में सेवा कर रहे थे (दिसंबर 2015 से)।एक राजदूत को आमतौर पर एक अन्य राष्ट्र में उनकी अपनी सरकार के स्थानिक प्रतिनिधि के रूप में अधिकृत किया जाता है, जो एक विशेष और प्राय: अस्थाई राजनयिक कार्य के लिए नियुक्त होते हैं।

7. **संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)** ने किस भारतीय-अमेरिकी टेलीविजन कलाकार और खाद्य विशेषज्ञ को **सद्भावना राजदूत** के रूप में **पद्म लक्ष्मी को** नियुक्त किया।
**नोट:**नवीनतम सद्भावना राजदूत, दुनिया भर में असमानता और भेदभाव के खिलाफ एजेंसी की लड़ाई का समर्थन करती हैं।

8. मिजोरम के राज्यपाल **कुम्मनम राजशेखरन ने** अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
**नोट:**श्री राजशेखरन ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत वर्ष 1970 में केरल राज्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और संघ परिवार के एक कार्यकर्ता के रूप में की।

9. फिलिस्तीन का नया प्रधान मंत्री **डॉ. मोहम्मद शतायेह** नियुक्त किये गए।
**नोट:फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास** ने **डॉ. मोहम्मद शतायेह** (60 वर्षीय) को फिलिस्तीन का नया **प्रधान मंत्री** चुना। श्री शतायेह इंग्लैंड की ससेक्स यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र में पीएच.डी हैं।

10. पांच वर्ष की अवधि के लिए **गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति** के रूप में **हसमुख अधिया को** नियुक्त किया गया।
**नोट:**एस.ए. बारी गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के वर्तमान उप-कुलपति हैं।वर्ष 2009 में, गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना गुजरात के गांधीनगर में संसद अधिनियम के माध्यम से की गई थी।विश्वविद्यालय में 16 महाविद्यालय, 14 शैक्षणिक विभाग और 2 अन्य विशेष केंद्र शामिल हैं।

11. जम्मू-कश्मीर में MRTC का प्रमुख सलाहकार **ई. श्रीधरन को** नियुक्त किया गया।
**नोट:**राज्यपाल शासन ने दो राजधानी शहरों के लिए दो MRTC- **जम्मू सामूहिक द्रुत पारगमन निगम** और **श्रीनगर सामूहिक द्रुत पारगमन निगम** की स्थापना को मंजूरी दी।श्रीधरन एक सेवानिवृत्त IES (IRSE) अधिकारी हैं और उन्हें लोकप्रिय **"मेट्रो मैन"** के नाम से जाना जाता है।

12. **'राकेश मखीजा'** को तीन वर्ष की अवधि के लिए अपना नया गैर-कार्यकारी (अंशकालिक) अध्यक्ष **एक्सिस बैंक को** नियुक्त किया।



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

**नोट:** श्री मखीजा (एक्सिस इंडिया के अध्यक्ष) 17 जुलाई, 2019 को कार्यकाल समाप्त होने पर संजीव मिश्रा (एक्सिस बैंक के वर्तमान अध्यक्ष) से पदभार ग्रहण करेंगे।वह अक्टूबर, 2015 से एक्सिस बैंक बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक हैं।यह नियुक्ति भारतीय रिजर्व बैंक और बैंक के शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है।

13. मिजोरम के प्रथम लोकायुक्त अध्यक्ष पद की शपथ **सी. लालसावता ने** ली।

**नोट:** मिजोरम के राज्यपाल **जगदीश मुखी** ने आइजोल के राजभवन में नव-गठित लोकायुक्त के पहले अध्यक्ष के रूप में **श्री सी. लालसावता** (सेवानिवृत्त IAS अधिकारी) को पद की शपथ दिलाई।श्री लालसावता (1981-बैच बिहार कैडर के IAS अधिकारी) वर्ष 2008 से 2011 तक राज्य में वित्त विभाग के प्रधान सचिव थे।लोकायुक्त (लोक आयुक्त) भारतीय राज्यों में एक भ्रष्टाचार-विरोधी लोकपाल संगठन है।

14. केंद्र सरकार ने जीवन बीमा निगम (LIC) का अध्यक्ष **एम.आर. कुमार को** नियुक्त किया।

**नोट:**वह प्रबंध निदेशक हेमंत भार्गव की जगह लेंगे, जिन्हें 31 दिसंबर, 2018 को वी.के. शर्मा की सेवानिवृत्ति के बाद अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

15. **सर्वोच्च न्यायालय** (SC) ने देश में **क्रिकेट प्रशासन से संबंधित विभिन्न विवादों** को सुलझाने के लिए किस वरिष्ठ अधिवक्ता को मध्यस्थ नियुक्त किया -- **पी.एस. नरसिम्हा।**

**नोट:** श्री नरसिम्हा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) मामले में न्यायमित्र के रूप में शीर्ष अदालत की मदद कर रहे हैं।सर्वोच्च न्यायालय पीठ के अनुसार, क्रिकेट प्रशासन के विवादों में नरसिम्हा को मध्यस्थ के रूप में कार्य करने के लिए कहा गया है।

16. सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जो भारत के पहले **लोकपाल** होंगे -- **न्यायमूर्ति पिनाकी चंद्र घोष।**

**नोट:** लोकसभा में कांग्रेस के नेता **मल्लिकार्जुन खड़गे**, जो समिति का हिस्सा हैं, बैठक में शामिल नहीं हुए।लोकपाल जांच समिति द्वारा चुने गए शीर्ष 10 नामों में उनका नाम था।16 जनवरी, 2014 को लोकपाल अधिनियम अधिसूचित किए जाने के लगभग पांच वर्ष बाद न्यायमूर्ति घोष की नियुक्ति हुई है।यह कानून सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए केंद्र में लोकपाल और राज्यों में लोकायुक्त का प्रावधान करता है।

17. केंद्र ने OBC **'क्रीमी लेयर'** निर्धारित करने के लिए मापदंड को पुन: परिभाषित करने हेतु किस विशेषज्ञ समिति का गठन किया जो इससे पहले वर्ष 1993 में निर्धारित किए गए थे -- **बी.पी. शर्मा (भारत सरकार सचिव)**

**नोट:**समिति "प्रसाद समिति द्वारा दिए गए मानदंडों को फिर से परिभाषित करेगी" और इंदिरा साहनी मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों को ध्यान में रखते हुए "क्रीमी लेयर की अवधारणा को पुन: परिभाषित, सरल और सुव्यवस्थित करने" के लिए सिफारिशें देगी।

18. देश में स्वच्छ एवं स्थाई गतिशीलता पहल को बढ़ावा देने के लिए गठित **नेशनल मिशन ऑन ट्रांसफॉर्मेटिव मोबिलिटी एंड बैटरी स्टोरेज** का नेतृत्व **अमिताभ कांत (नीति आयोग के CEO)** करेगा।

19. गोवा राज्य के नए मुख्यमंत्री (11वें) पद की शपथ लेने वाले भाजपा नेता **प्रमोद सावंत है।**

**नोट:**गोवा की **राज्यपाल मृदुला सिन्हा** ने श्री सावंत को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।उन्होंने मनोहर पर्रिकर की जगह ली, जिनका रविवार को अग्नाशय के कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया था।

20. उज्बेकिस्तान गणराज्य में भारत के राजदूत के रूप में **संतोष झा को** नियुक्त किया गया।

**नोट:** वर्तमान में, श्री संतोष झा वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास के मिशन उप-प्रमुख हैं। एक राजदूत को आमतौर पर एक अन्य संप्रभु राष्ट्र में अपनी सरकार के निवासी प्रतिनिधि के रूप में अधिकृत किया जाता है जो एक विशेष और प्राय: अस्थाई राजनयिक कार्य के लिए नियुक्त होते हैं।



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

21. कजाखिस्तान के राष्ट्रपति ने **नूरसुल्तान नज़रबायेव** लगभग 30 वर्षों तक सत्ता में रहने के बाद अपने इस्तीफे की घोषणा की।
**नोट:** वर्ष 1990 के दशक की शुरुआत में सोवियत संघ के पतन के बाद से श्री नज़रबायेव ने देश पर शासन किया था।कजाकिस्तान गणराज्य का राष्ट्रपति राष्ट्र का प्रमुख, कमांडर-इन-चीफ और कजाकिस्तान गणराज्य में सर्वोच्च पद का अधिकारी होता है।

22. **भारतीय निर्वाचन आयोग** (ECI) ने 12 चुनावी राजदूतों में से एक के रूप में महाराष्ट्र के लिए किस ट्रांसजेंडर सामाजिक कार्यकर्ता **गौरी सावंत** को नियुक्त किया।
**नोट:**चुनाव आयोग के अनुसार, गौरी सावंत की नियुक्ति से मतदाता पंजीकरण के अंतिम चरण के दौरान इस श्रेणी के अधिक लोगों को पंजीकृत होने में मदद मिलेगी।चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों में अधिक से अधिक मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के प्रसिद्ध खिलाड़ियों, फिल्म निर्माताओं, साहित्यिक हस्तियों को सद्भावना दूत के रूप में नियुक्त किया है।

23. चुनाव आयोग ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए किन दो प्रतिष्ठित पूर्व लोक सेवकों **शैलेन्द्र हांडा और सुश्री मधु महाजन** को विशेष व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किया।
**नोट:** दोनों अधिकारियों के पास आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा में काम करने का पर्याप्त अनुभव है और उन्होंने कई सफल जांच और कई मामलों में कर चोरी का खुलासा करने वाली अधिग्रहण की कार्यवाही का पर्यवेक्षण किया है। विशेष पर्यवेक्षक चुनावी प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की निगरानी करेंगे।

24. फोनपे (UPI आधारित पेमेंट ऐप कंपनी) ने बॉलीवुड अभिनेता **आमिर खान** को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया।
**नोट:** फोनपे भारत के तेजी से बढ़ते पेमेंट प्लेटफॉर्म में से एक है और यह UPI पर आधारित है।एक ब्रांड एंबेसडर वह व्यक्ति होता है जो किसी संगठन या कंपनी द्वारा एक ब्रांड का सकारात्मक दृष्टिकोण में प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त किया जाता है और ऐसा करने से ब्रांड के प्रति जागरूकता और उसकी बिक्री बढ़ाने में मदद मिलती है।

25. नए नौसेना प्रमुख के रूप में **वाइस एडमिरल करमबीर सिंह को** नियुक्त किया गया।
**नोट:** वह एडमिरल सुनील लांबा की जगह लेंगे जो 31 मई, 2019 को सेवानिवृत्त होंगे।वर्तमान में, वाइस एडमिरल करमबीर सिंह पूर्वी नौसेना कमांड के फ्लैग ऑफिसर कमांडर-इन-चीफ के रूप में कार्यरत हैं। नौसेना प्रमुख (Chief of the Naval Staff) भारतीय नौसेना का कमांडर और सर्वोच्च रैंक वाला अधिकारी होता है। भारतीय नौसेना केबल एंड कम्युनिकेशंस में इस पद का संक्षिप्त नाम CNS है, और यह पद आमतौर पर एडमिरल रैंक में एक चार-स्टार वाले अधिकारी को प्राप्त होता है।

26. नकदी प्रभावित एयरलाइन जेट एयरवेज के बोर्ड से इस्तीफा देने वाले संस्थापक -- **नरेश गोयल।**
**नोट:**बोर्ड ने बकाया ऋण के 1 रुपये के रूपांतरण पर ऋणदाताओं को 11.4 करोड़ इक्विटी शेयर जारी करने की भी मंजूरी दी।बोर्ड ने कंपनी की दैनिक कार्य प्रणाली और नकदी प्रवाह के प्रबंधन और निगरानी के लिए एक अंतरिम प्रबंधन समिति के गठन को भी मंजूरी दी।

27. राज्यपाल मृदुला सिन्हा ने गोवा के डोना पाउला स्थित राजभवन में **दीपक पुष्कर को** कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई।
**नोट** पुष्कर ने मंत्रिपरिषद में उप-मुख्यमंत्री सुदीन धवलीकर (महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी) की जगह ली।एम.जी.पी. के तीन विधायकों में से दो- मनोहर अजगांवकर और पुष्कर ने अपनी पार्टी की विधायी शाखा का भाजपा में विलय कर लिया, जिससे श्री धवलीकर सदन में अकेले एम.जी.पी विधायक के रूप में अलग हो गए।



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

**28.** मारुति सुजुकी इंडिया (MSI) ने तीन वर्षों के लिए **केनिची आयुकावा को** पुन: (प्रबंध निदेशक (MD) और CEO)नियुक्त किया।

**नोट:**कंपनी के बोर्ड ने आयुकावा को पारितोषिक सहित मौजूदा नियमों और शर्तों पर नियुक्त किया है।मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड भारत में एक वाहन निर्माता कंपनी है।यह जापानी कार और मोटरसाइकिल निर्माता सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के 56.21% स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

**29.** टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (Toronto International Film Festival) के शेयर हर जर्नी अभियान में आधिकारिक राजदूत के रूप **रीमा दास** शामिल हुईं।

**नोट:** TIFF ने वर्ष 2017 में महिलाओं की कैमरे के पीछे और सामने भागीदारी, कौशल, और अवसरों को बढ़ाने की दृष्टि से 5 वर्षीय अभियान की शुरुआत की थी।ऑस्कर 2019 में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि 'विलेज रॉकस्टार्स' में विशेष योगदान देने वाली महिला फिल्म उद्योग में अदृश्य बाधाओं को दूर करते हुए अधिक से अधिक महिलाओं को देखना चाहती हैं।

| | |
|---|---|
| Detailed Syllabus for CBT 1 & CBT 2 | Click here |
| Previous Year Question Paper | Download here |

**Gradeup Online Test Series for RRB JE**

| | |
|---|---|
| RRB JE(Civil)/DMS 2019 CBT 1 Exam | Click here |
| RRB JE(Mechanical)/DMS 2019 CBT 1 Exam | Click here |
| RRB JE(Electrical)/DMS 2019 CBT 1 Exam | Click here |
| RRB JE(Electronics)/DMS 2019 CBT 1 Exam | Click here |
| RRB JE(IT)(CS)/DMS 2019 CBT 1 Exam | Click here |
| **Note**: Questions are same in all the test series for RRB JE CBT 1 Test Series | |



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री **थावर चंद गहलोत** ने कहां पर **भारतीय सांकेतिक भाषा** (ISL) शब्दकोश का दूसरा संस्करण **नई दिल्ली में** लॉन्च किया।
   **नोट:** शब्दकोश में अकादमिक, कानूनी, चिकित्सा, तकनीकी और दैनिक शब्दावली के तहत छह हजार शब्द शामिल हैं।शब्दकोश का उद्देश्य ISL शिक्षकों, ISL शिक्षार्थियों, श्रवण बाधित शिक्षकों, व्याख्याताओं, श्रवण-बाधित बच्चों के माता-पिता और शोधकर्ताओं के लिए एक संसाधन के रूप में कार्य करना है।तीन हजार शब्दों के साथ शब्दकोश का पहला संस्करण मार्च, 2018 में लॉन्च किया गया था।
2. केंद्रीय गृह मंत्री **राजनाथ सिंह** ने **राष्ट्रीय जांच एजेंसी** (NIA) के क्षेत्रीय यूनिट के नए परिसर का उद्घाटन **हैदराबाद में** किया।
   **नोट:** नए कार्यालय-आवासीय परिसर का निर्माण हैदराबाद के माधापुर के खानमेट क्षेत्र में किया गया है।NIA हैदराबाद कार्यालय का अधिकार क्षेत्र तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक राज्यों तक है।
3. ओडिशा तट पर **ITR चांदीपुर** से स्वदेश विकसित **क्विक रीच सर्फेस-टू-एयर मिसाइल** (QRSAM) का सफल परीक्षण DRDO ने किया।
   **नोट:** QRSAM भारतीय सेना के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के सहयोग से रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित एक मिसाइल है।
4. एडोब (Adobe) ने **अटल टिंकरिंग लैब्स** (ATL) स्कूलों में रचनात्मकता बढ़ाने के लिए **नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन** के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।
   नोट: एडोब भारत में सभी अटल टिंकरिंग लैब्स में रचनात्मक कौशल विकसित करने और डिजिटल साक्षरता बढ़ाने में मदद करेगा। एडोब अटल टिंकरिंग लैब्स (ATL) पहल के तहत 100 स्कूलों को गोद लेगा। भारत में 5,000 से अधिक स्कूलों में ATL की स्थापना की जा रही है जहां कक्षा 6 से कक्षा 12 के छात्रों को समस्या समाधान और नवाचार कौशल प्रदान करना, नवीन समाधानों का विकास करना है।
5. केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने वर्ष 2019 के स्नातकों को अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करने के लिए 'स्कीम फॉर हायर एजुकेशन यूथ इन अपरेंटिसशिप एंड स्किल्स' (SHREYAS) की शुरुआत की।
   **नोट:** योजना का लक्ष्य वर्ष 2022 तक 50 लाख छात्रों तक पहुंच प्रदान करना है।छात्रों के लिए पाठ्यक्रम शैक्षणिक वर्ष अप्रैल-मई 2019 से उपलब्ध होगा। SHREYAS योजना वह कार्यक्रम है जिसमें तीन केंद्रीय मंत्रालयों (HRD, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय) की पहल शामिल है।
6. **केंद्रीय मंत्रिमंडल** ने ग्वालियर में **दिव्यांगजन खेल-कूद केंद्र** की स्थापना को मंजूरी दी।
   **नोट:** यह दिव्यांगजनों के मन में समाज से सहजता से जुड़ने की भावना का विकास करेगा। केंद्र में एक शासी निकाय होगा जिसमें अधिकतम 12 सदस्य होंगे, उनमें से कुछ पैरा खेलों में विशेषज्ञों के अलावा राष्ट्रीय स्तर के खेल महासंघों के विशेषज्ञ होंगे। वर्तमान में, देश में दिव्यांगजनों के लिए कोई विशेष खेल प्रशिक्षण केंद्र उपलब्ध नहीं हैं।
7. **भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण** और **इंडियन ऑयल** ने **राष्ट्रीय जलमार्ग** की ईंधन आवश्यकताओं के लिए **समझौता ज्ञापन** पर हस्ताक्षर किए।
   **नोट:** समझौता ज्ञापन में राष्ट्रीय जलमार्ग की आवश्यकता को पूरा करने के लिए ईंधन, स्नेहक तेल, एल.पी.जी, प्राकृतिक गैस और किसी अन्य संबंधित ईंधन और गैस के लिए बुनियादी ढांचा विकसित करना शामिल है। IWAI और IOCL ने विस्तृत भूमि की



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ
आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

आवश्यकता, भंडारण सुविधाओं और लागत विवरण के साथ अन्य सहायक बुनियादी ढांचों की तैयारी के लिए तकनीकी-आर्थिक संभाव्यता अध्ययन पर सहमति व्यक्त की है।

8. आयुष मंत्री **श्रीपद येसो नाइक** ने **राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान** (NIUM) की आधारशिला **गाजियाबाद में** रखी।

**नोट:** इसे लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से 10 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा।200-बिस्तरों वाला अस्पताल स्थापित हो जाने के बाद, यह उत्तर भारत में यूनानी चिकित्सा के सबसे बड़े संस्थानों में से एक होगा।संस्थान बेंगलुरु में मौजूदा NIUM का विस्तार है।

9. **ग्रीष्म लहर -2019** की तैयारी, शमन और प्रबंधन पर **राष्ट्रीय कार्यशाला नागपुर में** शुरू हुई।

**नोट:** इस कार्यशाला का उद्देश्य NDMA के ग्रीष्म लहर पर राष्ट्रीय दिशा-निर्देश की तर्ज पर राज्यों को अपनी ग्रीष्म लहर कार्य योजनाएं तैयार करने के लिए संवेदनशील बनाना है।भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने इस वर्ष गर्मी का तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना का संकेत दिया है।

10. प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** ने दो दिवसीय **भारतीय निर्माण प्रौद्योगिकी-2019 प्रदर्शनी और सम्मेलन** का उद्घाटन **नई दिल्ली।** में किया

**नोट:** भारत निर्माण प्रौद्योगिकी सम्मेलन, हितधारकों को सहकार्यता के लिए नए क्षेत्र खोलने और बाजार में तैयार उत्पादों में विचार रूपांतरण की सुविधा हेतु मार्ग प्रदान करेगा।सम्मेलन भारतीय संदर्भ में उपयोग के लिए नवीन और वैश्विक रूप से स्थापित प्रौद्योगिकियों की पहचान करेगा।

11. केंद्रीय वित्त मंत्री **अरुण जेटली** ने नई दिल्ली में **'मन की बात - ए सोशल रिवॉल्यूशन ऑन रेडियो** पुस्तक का विमोचन किया।

नोट: यह पुस्तक अखिल भारतीय रेडियो पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई 'मन की बात' के 50 संस्करणों का एक संकलन है।

12. कोयला मंत्री गोयल ने 1,000 मेगावाट की NTPL बिजली परियोजना जो **तमिलनाडु राज्य में स्थित है** राष्ट्र को समर्पित किया।

**नोट:** कोयला मंत्री **पीयूष गोयल** ने तमिलनाडु में **नेवेली तमिलनाडु पावर लिमिटेड (NTPL)** की 1,000 मेगावाट (MW) की थर्मल पावर परियोजना और **NLC इंडिया लिमिटेड (NLCIL)** की 150 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना राष्ट्र को समर्पित की। NTPL की 1,000 मेगावाट की कोयला थर्मल पावर परियोजना NLCIL और TANGEDCO (89:11 की शेयर भागीदारी) के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

13. **IRCTC** ने अपने डिजिटल पेमेंट गेटवे की शुरुआत की -- **IRCTC iPay.**

**नोट:** IRCTC iPay क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, एकीकृत भुगतान इंटरफेस और अंतर्राष्ट्रीय कार्ड जैसे भुगतान विकल्प प्रदान करेगा।यह IRCTC और बैंकों के बीच के अंतर को कम करने में मदद करेगा, जिससे अंततः भुगतान की विफलता में काफी कमी आएगी।बैक की ओर से दिल्ली स्थित MMAD कम्युनिकेशंस (IRCTC के टेक्नोलॉजी पार्टनर) द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी।

14. नौंवी कक्षा में पढ़ने वाले स्कूली बच्चों के लिए एक युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम **"युवा विज्ञानी कार्यक्रम" भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन** ने शुरू किया।

**नोट:** इसरो के वैज्ञानिक अंतरिक्ष गतिविधियों के उभरते क्षेत्रों में युवाओं की रुचि जाग्रत करने के लिए उन्हें अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष विज्ञान और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों पर बुनियादी ज्ञान प्रदान करेंगे।दो सप्ताह का "Catch them young" आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से 3 छात्रों का चयन करने के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान आयोजित किया



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ
आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

जाएगा, जिसमें CBSE, ICSE और राज्य पाठ्यक्रम को शामिल किया जाएगा।

15. टेक कंपनी **गूगल** ने प्राथमिक स्कूल के बच्चों की हिंदी और अंग्रेजी में पढ़ने में सहायता करने के लिए नया नि:शुल्क ऐप **बोलो ऐप** लॉन्च किया।
**नोट:** यह नि:शुल्क ऐप गूगल की **स्पीच रिकग्नीशन और टेक्स्ट-टू-स्पीच तकनीक** का उपयोग करता है।ऐप में एक **एनिमेटेड कैरेक्टर 'दीया'** है, जो बच्चों को कहानियों को जोर से पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है और यदि बच्चा शब्द का उच्चारण करने में असमर्थ है तो मदद करती है।

16. आवासीय एवं शहरी मामलों के मंत्री **हरदीप पुरी** ने **ई-धरती ऐप और ई-धरती जियो पोर्टल को** लॉन्च किया।
**नोट:** 'ई-धरती ऐप' में, संपत्तियों से संबंधित रूपांतरण, प्रतिस्थापन और दाखिलखारिज सभी तीनों मापदंड ऑनलाइन किए गए हैं। ई-धरती जियो पोर्टल (e-DhartiGeoPortal) के माध्यम से संपत्ति का पट्टेदार संपत्ति का मूल विवरण दिखाने के साथ-साथ नक्शे पर उसका स्थान दिखाने में सक्षम होगा। भूमि एवं विकास कार्यालय (L&DO) में भुगतान प्रणाली को भी पूरी तरह से डिजिटल कर दिया गया है।इस एप्लिकेशन से न केवल जनता को लाभ होगा, बल्कि सरकार को भी अपनी रिक्त संपत्तियों की वास्तविक स्थिति के साथ-साथ संपत्ति पर किसी अतिक्रमण का पता चलेगा।

17. सूचना एवं प्रसारण सचिव **अमित खरे** ने **वार्षिक संदर्भ पुस्तिका- 'India 2019'** और **'भारत 2019'** का विमोचन **नई दिल्ली** में किया।
**नोट:** वार्षिक संदर्भ पुस्तिका प्रकाशन प्रभाग द्वारा जारी अंग्रेजी और हिंदी में प्रमुख प्रकाशन हैं।ये प्रकाशन न केवल युवाओं के लिए बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था, कृषि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में विकास के बारे में अधिक जानकारी की इच्छा रखने वालों के लिए भी जानकारी के स्रोत हैं।यह प्रकाशन उन विदेशी पत्रकारों और पाठकों द्वारा भी निर्दिष्ट किया जाता है जो भारत के बारे में गहन जानकारी चाहते हैं।

18. **आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति** (CCEA) ने **जम्मू और कश्मीर में 624 मेगावाट** की **कीरू जलविद्युत परियोजना** के निर्माण के लिए निवेश को मंजूरी दी।
**नोट:** CCEA ने उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में **खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्लांट** (1320 मेगा वाट) और बिहार में **बक्सर थर्मल पावर प्रॉजेक्ट** (1320 मेगा वाट) के लिए निवेश को मंजूरी दी।

19. **राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (NGT)** ने **जर्मन ऑटो कंपनी वॉक्सवैगन** पर भारत में अपनी डीजल कारों में "cheat device" के उपयोग के माध्यम से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के लिए **500 करोड़ रुपये** का जुर्माना लगाया।
**नोट:**NGT के अध्यक्ष **न्यायाधीश आदर्श कुमार गोयल** की अध्यक्षता वाली पीठ ने कार निर्माता कंपनी को दो महीने के अंदर धनराशि जमा करने का निर्देश दिया।न्यायाधिकरण ने 171.34 करोड़ रुपये की उस मुआवजा राशि में वृद्धि की, जिसे NGT द्वारा नियुक्त एक समिति द्वारा "निवारण सृजन" के अर्थ के रूप में अनुशंसित किया गया था।

20. भारत की 17 वीं लोकसभा के चुनाव **11 अप्रैल, 2019 से** कब से शुरू होंगे।
**नोट:** आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम राज्यों में विधान सभा चुनाव आम चुनाव के साथ-साथ होंगे।चुनावों की घोषणा के साथ पूरे देश में **आदर्श आचार संहिता** लागू हो गई है।29 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों के 90 करोड़ मतदाता 11 अप्रैल से 19 मई, 2019 तक सात चरणों में लोकसभा के 543 सदस्यों का चुनाव करेंगे।

21. प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी **गाजियाबाद में** आयोजित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) के 50वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए।



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ
आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

**नोट:** CISF पूरे भारत में स्थित 300 औद्योगिक इकाइयों, सरकारी अवसंरचना परियोजनाओं, केंद्रों और प्रतिष्ठानों को सुरक्षा प्रदान करता है।**केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल** (CISF) की स्थापना 10 मार्च, 1969 को 2,800 कर्मियों के साथ भारतीय संसद अधिनियम के तहत की गई थी।15 जून 1983 को पारित एक अन्य संसद अधिनियम द्वारा CISF को बाद में भारत गणराज्य का एक सशस्त्र बल बनाया गया।

22. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने **दिल्ली मेट्रो** (**ब्लू लाइन**) के **'नोएडा सिटी सेंटर-नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी सेक्शन'** को हरी झंडी दिखाई।
**नोट:** नोएडा सिटी सेंटर और नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी (पूर्णतया: एलिवेटेड सेक्शन) में छह स्टेशन -सेक्टर 34, सेक्टर 52, सेक्टर 61, सेक्टर 59, सेक्टर 62 और नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी आते हैं।मेट्रो के विस्तार से नोएडा के लोगों को काफी लाभ होगा और इसके साथ ही यह सैटेलाइट सिटी को दिल्ली से जोड़ेगा।

23. केरल के इडुक्की जिले का पारंपरिक और हस्तनिर्मित उत्पाद जिसे केंद्र सरकार ने **जियोग्राफिकल इंडिकेशन** (जी.आई.) टैग प्रदान किया -- **'मरयूर जग्गेरी (मरयूर कस्बे का गुड़)'।**
**नोट:** राज्य कृषि विभाग के दो वर्ष के निरंतर प्रयासों के बाद, मरयूर जग्गेरी अंततः जी.आई. टैग प्राप्त करने में सफल हुआ।जी.आई. टैग मरयूर में पारंपरिक गन्ना किसानों को अनेक अवसर प्रदान करेगा।

**24. अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं आतिथ्य मेला 'आहार'** (34वां संस्करण) **नई दिल्ली में** शुरू हुआ।
**नोट:** पांच दिवसीय मेले में भारत और विदेशों के 560 से अधिक प्रतिभागियों के खाद्य उत्पाद, मशीनरी, आतिथ्य तथा आभूषण और मिष्ठान की वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला दिखाई जाएगी। मेले में अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, जर्मनी, इटली और सिंगापुर सहित लगभग 20 देश भाग लेंगे।मेले में भोजन और पेय पदार्थ, आतिथ्य, पाकशाला संबंधी तकनीक, खुदरा और नए नवाचारों की प्रवृत्तियों की प्रदर्शनी होगी।

**25.** हाल ही में जारी Kantar IMRB ICUBE की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में **इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 500 मिलियन** के पार चली गई है।
**नोट:** दिसंबर, 2018 (वार्षिक वृद्धि -18%) में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 566 मिलियन अनुमानित थी। रिपोर्ट में पाया गया कि 493 मिलियन भारतीयों (कुल उपयोगकर्ता आधार -87%) को नियमित उपयोगकर्ता के रूप में परिभाषित किया गया है, जिन्होंने पिछले 30 दिनों में इंटरनेट तक पहुंच प्राप्त की है।शहरी भारत में लगभग 293 मिलियन सक्रिय इंटरनेट उपयोगकर्ता रहते हैं, जबकि ग्रामीण भारत में 200 मिलियन सक्रिय उपयोगकर्ता हैं।

**26.** बोइंग 737 मैक्स 8 विमानों को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित करने का फैसला **नागरिक विमानन महानिदेशालय (DGCA)** ने किया।
**नोट:** यह निर्णय आदिस अबाबा में **इथियोपिया एयरलाइंस** की विमान दुर्घटना (सभी 157 लोगों की मृत्यु) के फलस्वरूप लिया गया।विमानों को तब तक प्रतिबंधित रखा जाएगा जब तक कि उनके सुरक्षित संचालन के लिए उपयुक्त संशोधन और सुरक्षा उपाय नहीं किए जाते।देश में **स्पाइस जेट** के पास 12 बोइंग 737 मैक्स 8 विमान और **जेट एयरवेज** के पास 5 विमान हैं।बोइंग 737 मैक्स एक अमेरिकी परिमित-निकाय की विमान श्रृंखला है जिसे बोइंग 737 की चौथी पीढ़ी के रूप में बोइंग कॉमर्शियल एयरप्लेन द्वारा डिजाइन और निर्मित किया गया है।

**27.** कृषि उत्पाद की सूची में **GI (जियोग्राफिकल इंडिकेशन) टैग** के साथ नवीनतम प्रवेश -- **अरेका नट (सुपारी या बीटल नट)।**
**नोट:** भारत सरकार के जियोग्राफिकल इंडिकेशन रजिस्ट्रार ने कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के सिद्दौर की सिरसी में उगाई जाने वाली सुपारी **'सिरसी सुपारी'**



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ
आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

को GI टैग प्रदान किया।विश्व बौद्धिक संपदा संगठन GI को उन उत्पादों पर इस्तेमाल किए जाने वाले एक खोजी संकेत के रूप में परिभाषित करता है जिनका एक विशिष्ट भौगोलिक मूल होता है और वह उस मूल के कारण विशेष गुण रखते हैं।

28. अपने **स्वच्छ भारत ई-लर्निंग पोर्टल** पर माइक्रोसॉफ्ट के प्लेटफॉर्म **प्रॉजेक्ट संगम** का उपयोग करने के लिए **माइक्रोसॉफ्ट इंडिया** के साथ साझेदारी करने वाला **आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) है।**
**नोट:** अब MoHUA ने भारत के 4,000 से अधिक शहरों में सर्वोत्तम स्वच्छता कार्यप्रणालियों पर 110,000 से अधिक नगरपालिका अधिकारियों को प्रशिक्षित किया है।इस साझेदारी के साथ, MoHUA ने स्वच्छ भारत ई-लर्निंग पोर्टल पर सुविधाओं में वृद्धि की है।

29. छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) में प्रायोगिक अनुभव सहित क्लाउड कंप्यूटिंग कौशल प्रदान करने में सहायता के लिए **अमेजन वेब सर्विस (AWS) शिक्षा कार्यक्रम** को कौन अपनाएगा -- **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर।**
**नोट:** AWS शिक्षा कार्यक्रम छात्रों और शिक्षकों को आवश्यक संसाधनों के साथ क्लाउड-संबंधित शिक्षा को गति प्रदान करने और भविष्य के कार्यबल को शक्ति प्रदान करने हेतु अमेजन की एक वैश्विक पहल है। यह कार्यक्रम छात्रों और शिक्षकों को अपने क्लाउड कौशल और अनुभव को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत नो-कॉस्ट टूल, संसाधन और AWS प्रोमोशनल क्रेडिट प्रदान करता है।

**30.** भारत और श्रीलंका वर्ष 2018-19 के लिए श्रीलंका में कौन सा संयुक्त अभ्यास आयोजित करेंगे **--मित्र शक्ति।**
**नोट:** यह दो देशों की सेनाओं के बीच सैन्य कूटनीति और पारस्परिक क्रिया के एक भाग के रूप में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।इस अभ्यास में संयुक्त राष्ट्र के जनादेश के तहत अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी माहौल में सामरिक स्तर की गतिविधियां आयोजित होंगी।

**31.** एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (ACI) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का कौन सा हवाई अड्डा दुनिया का 12वां सबसे व्यस्त हवाई अड्डा --- **इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (IGIA), दिल्ली।**
**नोट:** एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल (ACI) द्वारा वर्ष 2018 के लिए प्राथमिक विश्व हवाई अड्डा यातायात रैंकिंग जारी की गई।IGI हवाई अड्डे में वर्ष 2018 के दौरान **6.9 करोड़ घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यात्रियों** का आवागमन रहा, जो वर्ष 2017 के कुल यात्रियों की तुलना में 10.2% अधिक है।ACI के विश्व हवाई अड्डा यातायात पूर्वानुमान यह भविष्यवाणी भी करते हैं कि भारत वर्ष 2020 तक अमेरिका और चीन के बाद यात्री आवागमन के मामले में तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार बन जाएगा।

**32.** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), अर्ली चाइल्डहुड केयर एजुकेशन (ECCE) और योग 2019-20 सत्र से **CBSE** पाठ्यक्रम का हिस्सा होंगे।
**नोट:** CBSE आगामी शैक्षणिक सत्र से स्कूल के पाठ्यक्रम में **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)** और **योग** को कौशल विषयों के रूप में पेश करने के लिए तैयार है।CBSE वर्ष 2019-2020 सत्र से कक्षा 9 में 6वें विषय (वैकल्पिक) के रूप में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पेश कर रही है।

**33.** भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर जो श्रीनगर में अपने स्क्वाड्रन में वापस लौटे **-- अभिनंदन वर्धमान।**
**नोट:**अभिनंदन वर्धमान को पिछले महीने पाकिस्तान ने पकड़ लिया था और दो दिन बाद भारत को लौटाया था।सुरक्षा एजेंसियों द्वारा उनके पाकिस्तान से लौटने पर लगभग दो सप्ताह की डीब्रीफिंग पूरी करने के बाद वह लगभग 12 दिन पहले छुट्टी पर गए थे।अपने चार सप्ताह के स्वास्थ्य अवकाश की अवधि के बाद, एक मेडिकल बोर्ड भारतीय वायुसेना के शीर्ष अधिकारियों को



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ
आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

यह तय करने में मदद करने के लिए उनके स्वास्थ्य की समीक्षा करेगा कि क्या वह लड़ाकू विमान के कॉकपिट योग्य हैं या नहीं।

**34.** भारत ने अंतरिक्ष में एक लो अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट को नष्ट करते हुए अपना पहला एंटी-सैटेलाइट (ASAT) मिसाइल परीक्षण किया, इस परीक्षण में एक मिसाइल का प्रयोग किया गया जिसने लक्ष्य को निशाना बनाने के लिए **300 किमी** की दूरी तय की।

**नोट:** प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** ने एक विशेष टेलीवीजन सूचना में **'मिशन शक्ति'** नामक परीक्षण के सफल होने की घोषणा की। **रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन** (DRDO) ने डिफेंस इंटरसेप्टर बैलिस्टिक मिसाइल विकसित की, जिसने ओडिशा के डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वीप से लॉन्च होने के बाद लो अर्थ ऑर्बिट (LEO) में पूर्व निर्धारित लक्ष्य भारतीय सैटेलाइट को सफलतापूर्वक नष्ट किया।इसके साथ, अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत ऐसी विशिष्ट और आधुनिक क्षमता हासिल करने वाला केवल चौथा देश है।

**35.** कृषि में दूरस्थ शिक्षा डिग्री कार्यक्रमों को **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.)** ने प्रतिबंधित किया।

**नोट:** यह निर्णय उच्च शिक्षा नियामक द्वारा लिया गया था। कृषि में एक डिग्री कार्यक्रम की प्रकृति तकनीकी है क्योंकि इसमें क्रियात्मक या प्रयोगशाला पाठ्यक्रमों की आवश्यकता होती है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने इस मामले को आयोग को भेजा था।यू.जी.सी. ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग रेगुलेशन, 2017 के अनुसार, पेशेवर कार्यक्रम (जैसे: मेडिसिन, इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर, नर्सिंग, डेंटल, फार्मेसी और फिजियोथेरेपी) को दूरस्थ शिक्षा में पेश करने की अनुमति नहीं है।

**36.** भारत के पूर्व उप-राष्ट्रपति हामिद अंसारी द्वारा विमोचित नवीन चावला (भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त) की नई पुस्तक का शीर्षक **-- 'एव्री वोट काउंट्स' (Every Vote Counts)।**

**नोट:** यह पुस्तक इस विषय पर आधारित है कि भारत में चुनावी तंत्र कैसे काम करता है।पुस्तक भारत के बारे में बताती है कि यह अपने संसदीय चुनावों के साथ परिवर्तन के शिखर पर है।

**37.** 'इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन' (IATA) में सदस्यता हासिल करने वाली भारत की पहली सस्ती विमानन सेवा एयरलाइन **-- स्पाइसजेट।**

**नोट:** स्पाइसजेट वैश्विक विमानन कंपनी समूह **'इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन' (IATA)** में सदस्यता हासिल करने वाली भारत की **पहली सस्ती विमानन सेवा एयरलाइन** बन गई है।IATA एयर इंडिया, जेट एयरवेज और विस्तारा सहित 290 से अधिक एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करता है।स्पाइसजेट के तेज अंतर्राष्ट्रीय विस्तार योजना की दृष्टि से IATA सदस्यता महत्वपूर्ण है।स्पाइसजेट IATA की सदस्यता हासिल करने वाली भारत की पहली सस्ती विमानन सेवा एयरलाइन और भारत में IATA का पांचवा सदस्य है।

**38.** भारतीय वायु सेना ने मलेशिया में लांगकावी अंतर्राष्ट्रीय मैरीटाइम एयरो एक्सपो में भाग लिया **-- LIMA 2019।**

**नोट:** भारतीय वायु सेना पहली बार एक्सपो में भाग ले रही है और इसके दौरान स्वदेश में विकसित एल.सी.ए लड़ाकू विमानों का प्रदर्शन किया जाएगा।इससे देश के वायु सैनिकों को रॉयल मलेशियाई वायु सेना के वायु सैनिकों से बातचीत करने का अवसर मिलेगा और दोनों देशों की वायु सेनाओं के बीच निकट सम्पर्क को प्रोत्साहन मिलेगा।यह भविष्य में मलेशियाई वायु सेना के साथ किसी प्रकार के सम्पर्क के लिए एक आधार के रूप में काम करेगा।

**39.** मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुनील अरोड़ा को वोटर वैरीफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (VVPAT) स्लिप काउंटिंग के आकार पर अपनी रिपोर्ट **भारतीय सांख्यिकी संस्थान ने** पेश की।

**नोट:** आयोग के अनुसार, उन्होंने भारतीय सांख्यिकीय संस्थान को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के इलेक्ट्रॉनिक



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ
आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

काउंट के साथ VVPAT स्लिप सत्यापन के व्यवस्थित विश्लेषण और वैज्ञानिक जांच का कार्य सौंपा था।

**40.** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) द्वारा लॉन्च किया गया नया पॉडकास्ट ऐप **-- शिक्षा वाणी।**

**नोट:** यह ऐप छात्रों और अभिभावकों को समय पर महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रदान करेगा।CBSE के अनुसार, प्लेटफॉर्म पर इसका पहला एपिसोड कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाओं की मूल्यांकन प्रक्रिया पर जारी किया गया है।जैसे-जैसे परीक्षाएं आगे बढ़ेंगी, एपिसोड छात्रों को यह समझने में मदद करेगा कि उनके पूरे हुए प्रश्न पत्रों का मूल्यांकन कैसे किया जाएगा।

**41.** श्री एन.के. सिंह (भारत के 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष) ने **इंडियन फिस्कल फेडरलिज्म** पुस्तक का विमोचन किया।

**नोट:** यह पुस्तक **डॉ. वाई.वी. रेड्डी** (RBI के पूर्व गवर्नर और भारत के 14वें वित्त आयोग के अध्यक्ष) के साथ-साथ तेलंगाना सरकार के सलाहकार (वित्तीय) **डॉ. जी.आर. रेड्डी** द्वारा लिखी गई है।

**42.** नौसेना प्रमुख एडमिरल सुनील लांबा ने **INS शिवाजी पर** भारतीय नौसेना के परमाणु, जैविक और रासायनिक प्रशिक्षण केंद्र (NBCTF) का उद्घाटन किया**।**

**नोट:**यह परमाणु, जैविक एवं रासायनिक पहचान और सुरक्षा प्रणालियों से युक्त नौसेना जहाजों के प्रशिक्षित कर्मियों की मदद करेगा।

**43.** पाकिस्तान सरकार ने **पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में** स्थित शारदा पीठ की यात्रा के लिए एक गलियारा स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी**।**

**नोट:** शारदा पीठ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एक प्राचीन हिंदू मंदिर और सांस्कृतिक स्थल है।यह पाकिस्तान-नियंत्रित क्षेत्र में करतारपुर गलियारे के बाद दूसरा धार्मिक गलियारा होगा जो दोनों पड़ोसी राष्ट्रों को जोड़ेगा।

**44.** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर श्री राजन ने अपनी पुस्तक **द थर्ड पिलर- हाउ मार्केट्स एंड द स्टेट लीव द कम्युनिटी बिहाइंड** का विमोचन किया**।**

**नोट:** द थर्ड पिलर यह समझने में सहायक है कि संकट के एक दशक बाद भी दुनिया की राजनीति और अर्थव्यवस्था इतनी नाजुक क्यों है।श्री राजन सितंबर, 2013 और सितंबर, 2016 के बीच भारतीय रिजर्व बैंक के 23वें गवर्नर थे।

**45.** मलेरिया, तपेदिक, आंतों के परजीवी और गले के कैंसर का मिलीसेकंड में पता लगाने के लिए एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-आधारित इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर सिस्टम **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-दिल्ली ने** विकसित किया**।**

**नोट:** IIT दिल्ली के शोधकर्ताओं ने चार अलग-अलग बीमारियों: मलेरिया, तपेदिक, गले के कैंसर और आंतों के परजीवी संक्रमण के लिए प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट (पी.ओ.सी) लो-पावर रैपिड एआई हार्डवेयर कार्यान्वयन-आधारित माइक्रोस्कोपी डायग्नोस्टिक सपोर्ट सिस्टम प्रदर्शित किया है। शोधकर्ताओं के अनुसार, उनकी प्रणाली का उपयोग मानव विशेषज्ञ तक सीमित पहुंच के साथ संसाधन-निरुद्ध क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने में किया जा सकता है। यह प्रणाली राष्ट्रपति भवन में प्रदर्शित की गई और इसे 2018 का प्रतिष्ठित गांधीवादी युवा प्रौद्योगिकी नवाचार पुरस्कार (GYTI) प्रदान किया गया।



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

## राज्य समाचार

1. पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य संचालित और सहायता प्राप्त विद्यालयों पर समयोचित डेटा प्रदान करने के लिए **'बांग्लर शिक्षा'** वेब पोर्टल शुरु किया।
   **नोट:** पोर्टल 'banglarshiksha.gov.in' दो महीने के समय में चालू होगा।स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार, पोर्टल में 1.5 करोड़ छात्रों, 5 लाख शिक्षकों और 1 लाख स्कूलों के समयोचित डेटा संग्रहीत होंगे।
2. 6.5 किलोमीटर लंबी **अहमदाबाद मेट्रो ट्रेन सेवा** के पहले चरण का उद्घाटन **नरेंद्र मोदी ने** किया।
   **नोट:** प्रधान मंत्री मोदी ने अहमदाबाद मेट्रो परियोजना के 28.28 किलोमीटर लंबे दूसरे चरण का लोकार्पण भी किया और चरण-। पर कुछ दूरी तक यात्रा की। चरण-॥ मेट्रो की कुल अनुमानित लागत 5,384.17 करोड़ रुपये है।अहमदाबाद मेट्रो भारत के गुजरात में अहमदाबाद और गांधीनगर शहरों के लिए निर्माणाधीन जन-पारगमन रेल प्रणाली है।
3. प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** ने कहां पर **AK 203 राइफल** निर्माण के लिए एक कारखाने का उद्घाटन **अमेठी में** किया।
   **नोट:** ये राइफल सुरक्षा बलों को आतंकवादियों और नक्सलियों से निपटने में मदद करेंगी। ये राइफलें सेना की वर्तमान इंसास और AK -47 राइफलों की जगह लेंगी। AK -47 के नवीनतम संस्करण की लगभग 7.5 लाख इकाइयां नए कारखाने में बनाई जाएंगी।
4. छात्रों की शिकायतों के समाधान के लिए कृषि विश्वविद्यालयों को छोड़कर सभी **विश्वविद्यालयों में 'लोकपाल'** की नियुक्ति करने वाली राज्य सरकार -- **महाराष्ट्र।**
   **नोट:** छात्रों के लोकपाल की नियुक्ति अगले दो से तीन महीनों में की जाएगी।महाराष्ट्र विश्वविद्यालयों के लिए लोकपाल की नियुक्ति करने वाला देश का पहला राज्य होगा।लोकपाल विश्वविद्यालय से संबंधित व्यक्ति होगा और वह किसी सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश या सेवानिवृत्त कुलपति के पद से निम्न पद का नहीं होगा।
5. पीयूष गोयल और फडणवीस ने मोनोरेल के दूसरे चरण का शुभारंभ **मुंबई में** किया।
   **नोट:** इसके साथ, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) द्वारा लागू किए गए देश के पूरे 19.54 किलोमीटर मार्ग (पहला चरण-8.26 किलोमीटर) अब चालू हैं।वर्ष 1920 के दशक में कुंडला घाटी रेलवे और पटियाला स्टेट मोनोरेल ट्रेनवेज बंद होने के बाद मुंबई मोनोरेल भारत की पहली मोनोरेल है।यह परियोजना मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) द्वारा लागू की गई है।
6. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने **गांधीनगर में** प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना शुरू की।
   **नोट:** असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और मजदूरों के लिए इस राष्ट्रीय पेंशन योजना की घोषणा इस वर्ष फरवरी में अंतरिम बजट में की गई थी। इस योजना के तहत, असंगठित क्षेत्र के 60 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों को 3,000 रुपये मासिक पेंशन प्रदान की जाती है।
7. केंद्र सरकार ने **जमात-ए-इस्लामी जम्मू और कश्मीर (JIJK)** पर **पांच** वर्ष का प्रतिबंध लगाया है।
   **नोट:**जमात-ए-इस्लामी आतंकी संगठनों के साथ संपर्क में है और जम्मू-कश्मीर तथा अन्य जगहों पर उग्रवाद और आतंकवाद का समर्थन कर रहा है।जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा राज्य में इस समूह के लगभग 100 कैडरों को गिरफ्तार करने के कुछ दिनों बाद अधिसूचना जारी की गई।जमात-ए-इस्लामी जम्मू और कश्मीर (JIJK) जम्मू-कश्मीर में एक कैडर-आधारित धार्मिक-राजनीतिक संगठन है, जो जमात-ए-इस्लामी हिंद से अलग है।
8. हरियाणा के मुख्यमंत्री **मनोहर लाल खट्टर** ने 'मुख्यमंत्री परिवार सम्मान निधि' योजना कहां शुरु की --- **चंडीगढ़।**



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ
आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

**नोट:** राज्य के 5 एकड़ तक की भूमि में कृषि करने वाले किसान और 15,000 रुपये प्रति माह से कम आय वाले परिवारों को इस योजना का लाभ मिलेगा।यह योजना 6,000 रुपये वार्षिक धनराशि प्रदान करेगी, प्रत्येक परिवार को एक सदस्य को नामित करना होगा जिस यह धनराशि प्रदान की जाएगी। इस योजना में लाभार्थियों की दो श्रेणियां - (18 से 40 वर्ष) और (40 से 60 वर्ष) हैं।

9. **देवेंद्र फडणवीस** की अध्यक्षता में महाराष्ट्र राज्य मंत्रिमंडल ने कहां के लिए **29 किलोमीटर की मेट्रो लाइन** को मंजूरी दी ।

**नोट:** इसमें 29 किलोमीटर मार्ग के साथ 22 स्टेशन होंगे, जो मुंबई मेट्रो की लाइन 4 और 5 से जुड़े होंगे।इस परियोजना को पूरा होने में चार वर्ष लगेंगे और इसे लगभग 13,095 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा।मेट्रो पुराने शहर में न्यू ठाणे मेट्रो स्टेशन से शुरू होगी और दो स्थानों- न्यू ठाणे स्टेशन और डोंगरीपाड़ा पर वडाला-कसर्वदावली मेट्रो से जुड़ेगी।

10. भारत ने किसके अतिरिक्त वित्तपोषण के लिए **विश्व बैंक** के साथ **96 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते** पर हस्ताक्षर किए -- **उत्तराखंड आपदा बहाली परियोजना।**

**नोट:** विश्व बैंक आवास एवं ग्रामीण संपर्क को बहाल करने और समुदायों में लचीलापन लाने के लिए वर्ष 2014 से राज्य सरकार का सहयोग कर रहा है।परियोजना ने दो हजार से अधिक पक्के मकानों और 23 सार्वजनिक इमारतों का निर्माण कार्य पूरा किया है और अब तक 1,300 किलोमीटर सड़कों और 16 पुलों का पुन: निर्माण किया है।

11. केंद्रीय कपड़ा मंत्री **स्मृति ईरानी** ने **नई दिल्ली** पर नवीनीकृत **हथकरघा हाट** का उद्घाटन किया।

**नोट:**हाट का मुख्य उद्देश्य हथकरघा एजेंसियों को अपने हथकरघा उत्पादों की बिक्री बढ़ाने और पूरे देश में उत्पादित विभिन्न प्रकार के उत्पादों की प्रदर्शनी के लिए अवसंरचना सहयोग प्रदान करना है।

12. एक जल संरक्षण योजना **'जलअमृत' पहल** की शुरूआत करने वाली **कर्नाटक** सरकार है।

**नोट:**पहल का उद्देश्य जल की बहुमूल्य प्रकृति और इसे किसी भी कीमत पर संरक्षित करने की आवश्यकता के बारे में राज्य के लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है।कर्नाटक राज्य ने वर्ष 2019 को **'जलवर्ष (जल का वर्ष)'** घोषित किया है।

13. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री **त्रिवेंद्र सिंह रावत** ने **देहरादून-मसूरी रोपवे** परियोजना का लोकार्पण किया।

**नोट:** देहरादून-मसूरी रोपवे परियोजना दुनिया की पांच सबसे लंबी रोपवे परियोजनाओं में से एक होगी।रोपवे परियोजना (लागत 300 करोड़ रुपये) तीन वर्षों में पूरी होने की उम्मीद है।एक **फ्रांसीसी कंपनी 'पोमा'** रोपवे को तकनीकी सहायता प्रदान करेगी जिसे सार्वजनिक निजी भागीदारी (PPP) मोड पर बनाया जाएगा।

14. तीसरी से आठवीं कक्षा में छात्रों के शैक्षणिक स्तर का आकलन करने और फिर उनके वर्तमान स्तर में सुधार करने के लिए **'नॉटुन दिशा'** की घोषणा करने वाली राज्य सरकार **त्रिपुरा है।**

**नोट:**इसके लिए गैर-सरकारी संगठनों और शिक्षण संस्थानों द्वारा 800 शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। योजना की अवधि 1 महीने है। योजना के लिए 28 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

15. प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** ने **एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण केंद्र** की शुरुआत (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) कहां की -- **नई दिल्ली।**

**नोट:** एकीकृत कमांड सिक्किम में गंगटोक और नामची, अरुणाचल प्रदेश में पासीघाट और ईटानगर तथा त्रिपुरा में अगरतला में मिशन के तहत है।स्मार्ट सिटी कमांड और नियंत्रण केंद्र विभिन्न सेवा नेटवर्क को एकीकृत करने के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग करते हैं।

16. भारत का पहला **तेल संग्रहालय गुवाहाटी, असम में** खोला आएगा।



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें

तैयारी करें

**नोट:**इसका नाम **के.बी. मालवीय राष्ट्रीय तेल संग्रहालय** होगा। के.बी. मालवीय को भारत के हाइड्रोकार्बन उद्योग का जनक कहा जाता है।असम पहला राज्य था जहां देश में पहली बार तेल की खोज और उत्पादन किया गया।सभी प्रमुख तेल और गैस कंपनियां ONGC, OIL, HPCL, BPCL, EIL संयुक्त रूप से संग्रहालय के लिए कार्य करेंगी।

**17.** आदिवासी जिलों में प्राचीन **आदिवासी भाषा 'गोंडी'** को शामिल करने का निर्णय लेने वाली **मध्य प्रदेश** सरकार है।

**नोट:** राज्य सरकार ने गोंडी को राज्य के आदिवासी बहुल जिलों के प्राथमिक शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय लिया है।

**18.** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने **आंगनवाड़ी बच्चों** के लिए **नि:शुल्क दूध योजना 'मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना'** की शुरुआत की।

**नोट:** अमृत योजना के तहत, राज्य में 2.5 लाख बच्चों (20,000 आंगनवाड़ी केंद्रों पर) को सप्ताह में दो बार 100 मिलीलीटर दूध नि:शुल्क दिया जाएगा।पूरे राज्य के 20,000 आंगनवाड़ी केंद्रों में फ्लेवर्ड, स्वीट, स्किम्ड मिल्क पाउडर उपलब्ध कराए जाएंगे।

**19.** पश्चिम बंगाल की सरकार ने **युवाश्री अर्पण** योजना के तहत राज्य के **214 पॉलिटेक्निक** और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई.टी.आई) के स्नातकों को छोटे व्यवसाय शुरू करने के लिए 1 लाख रुपये देने की घोषणा की।

**नोट:** मुख्यमंत्री ने हावड़ा जिले में भी **'युवाश्री अर्पण'** योजना की शुरुआत की।

**20.** **मध्य प्रदेश सरकार** ने **अन्य पिछड़ा वर्ग** (OBC) आरक्षण बढ़ाकर कितना करने के लिए अध्यादेश जारी किया -- **27% (वर्तमान 14%)।**

**नोट:**अध्यादेश मध्य प्रदेश की राज्यपाल **आनंदीबेन पटेल** को उनकी सहमति के लिए भेजा गया था।अब, मध्य प्रदेश संभवतः OBC के लिए 27% आरक्षण रखने वाला देश का एकमात्र राज्य है।

**21.** 1,600 से अधिक **सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME)** के लिए **689 करोड़ रुपये** का ऋण मंजूर करने वाला **पंजाब नेशनल बैंक (PNB) है।**

**नोट:** PNB ने ऐसे उद्योगों को बढ़ावा देने के प्रयास के तहत 'psbloansin59minutes.com' पोर्टल के माध्यम से इसे मंजूरी दी। **मुद्रा योजना** के तहत, बैंक ने 14 फरवरी, 2019 तक 2.69 लाख से अधिक छोटे उद्यमियों को ऋण की पेशकश की है।इस पोर्टल के माध्यम से MSME को 59 मिनट या एक घंटे से भी कम समय में 1 करोड़ रुपये तक का ऋण मिल सकता है।नवंबर 2018 में, प्रधान मंत्री मोदी ने MSME को ऋण प्राप्त करने में आसानी के लिए **59 मिनट ऋण पोर्टल** के शुभारंभ की घोषणा की थी।

**22.** राज्य में प्रस्तावित **शराब निषेध विधेयक, 2019** को मंजूरी देने वाला पूर्वोत्तर राज्य -- **मिजोरम।**

**नोट:** यह विधेयक बजट सत्र के दौरान राज्य विधानसभा में पेश किया जाएगा।वर्ष 1997 से जनवरी, 2015 तक राज्य में लागू मिजोरम शराब पूर्णतया निषेध अधिनियम से मिजोरम में शराब निषेध थी।इससे पहले, लाल थानहावला सरकार **ने मार्च, 2015** से राज्य में शराब की दुकानें खोलने की अनुमति दी थी।

**23.** एक **पावर सब-स्टेशन** को सात महीनों में पूरा करके **राष्ट्रीय लिम्का बुक रिकॉर्ड** और **एशिया बुक रिकॉर्ड** में नाम दर्ज कराने वाली कंपनी --- **मेघा इंजीनियरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (MEIL)।**

**नोट: 1500 मेगावाट बिजली** की आपूर्ति को सुगम बनाने हेतु अनंतपुर में बनाए गए अल्ट्रा मेगा सोलर पावर प्लांट को पावर ग्रिड से जोड़ने के लिए एनपी कुंटा सब-स्टेशन बनाया गया।इससे पहले, **MEIL** ने आंध्र प्रदेश में पट्टीसीमा लिफ्ट सिंचाई परियोजना को रिकॉर्ड समय में पूरा करने के लिए लिम्का बुक में नाम दर्ज कराया था।



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

**24. दिल्ली सरकार** के **संवाद एवं विकास आयोग (DDC)** ने 'उच्च शिक्षा सुधार' के लिए किसकी अध्यक्षता में 17 सदस्यीय उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया है --- **जैस्मीन शाह।**

**नोट:** संवाद और विकास आयोग (DDC) एक विचार मंच है जो प्रमुख मुद्दों पर सरकार को सलाह देता है।यह समिति एक वर्ष के अंदर दिल्ली की उच्च शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए लक्ष्य, मैट्रिक्स, नीतियों और कार्यवाही योग्य योजनाओं की सिफारिश करेगी।

**25. चौथी इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) इंडिया कांग्रेस** अगस्त 2019 **बेंगलुरू में** आयोजित होगी**।**

**नोट:**एक इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) की मुख्यधारा में व्यवसाय के अवसरों पर चर्चा और खोज के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी के अग्रणियों का एक मंच है। IoT इंडिया कांग्रेस, 2019 में स्वास्थ्य सेवा, विनिर्माण, टेलीकॉम, स्मार्ट सिटी, ऊर्जा, खुदरा व्यापार, साइबर सुरक्षा, कौशल एवं विकास, IoT मानक, विधि एवं विनियामक, और कृषि जैसे खंड शामिल होंगे।

**26.** उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू **मुंबई में** स्थित इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट रिसर्च (IGIDR) के 16वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया**।**

**नोट:** संस्थान बहु-विषयक दृष्टिकोण से विकासात्मक मुद्दों के शोध पर केंद्रित है।मुंबई स्थित इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट रिसर्च भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा वर्ष 1987 में अपनी स्वर्ण जयंती पर स्थापित एक स्वायत्त उन्नत अनुसंधान संस्थान है।

**27.** चेन्नई में स्थित भारत की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री विश्व की सबसे बड़ी रेल कोच निर्माता कंपनी बनी।

**नोट:**भारतीय रेलवे की चेन्नई स्थित **इंटीग्रल कोच फैक्ट्री** (ICF) ने अपने उत्पादन में **40% की रिकॉर्ड वृद्धि** के बाद शीर्ष चीनी निर्माताओं को पीछे छोड़ दिया।अब, भारतीय रेलवे की सबसे पुरानी और प्रमुख कोच निर्माण इकाई दुनिया में सबसे बड़ी रेल कोच निर्माता फैक्ट्री बन गई है।

| | |
|---|---|
| Detailed Syllabus for CBT 1 & CBT 2 | Click here |
| Previous Year Question Paper | Download here |

### Gradeup Online Test Series for RRB JE

| | |
|---|---|
| RRB JE(Civil)/DMS 2019 CBT 1 Exam | Click here |
| RRB JE(Mechanical)/DMS 2019 CBT 1 Exam | Click here |
| RRB JE(Electrical)/DMS 2019 CBT 1 Exam | Click here |
| RRB JE(Electronics)/DMS 2019 CBT 1 Exam | Click here |
| RRB JE(IT)(CS)/DMS 2019 CBT 1 Exam | Click here |
| **Note**: Questions are same in all the test series for RRB JE CBT 1 Test Series | |





## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. **भारत** और **बांग्लादेश** के बीच कौन संयुक्त सैन्य अभ्यास बांग्लादेश के टंगाइल जिले में शुरु हुआ--- **संप्रीति 2019**
**नोट**:अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच अंतर-संचालन और सहयोग के पहलुओं को मजबूत करना और व्यापक बनाना है।इस अभ्यास में संयुक्त राष्ट्र आज्ञापत्र के तहत प्रतिविद्रोहिता और आतंकवाद विरोधी माहौल में नीतिगत अभ्यास संचालित होंगे।
2. **"इनक्लूजिव इंटरनेट सूचकांक 2019"** में भारत का स्थान **47वां है।**
**नोट:** सूचकांक को इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) द्वारा **फेसबुक** के लिए तैयार किया गया है।इस सूचकांक में स्वीडन सबसे ऊपर है और उसके बाद सिंगापुर और अमेरिका हैं।सूचकांक में 100 देशों को शामिल किया गया था जो दुनिया की आबादी का 94% और वैश्विक GDP का 96% हैं।
3. उत्तर कोरिया-संयुक्त राज्य अमेरिका हनोई शिखर सम्मेलन 2019 **हनोई, वियतनाम में** आयोजित हुआ।
**नोट:** अमेरिका द्वारा उत्तर कोरिया पर लगे सभी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों को हटाने की मांग से इनकार किए जाने के बाद कोई समझौता नहीं होने से वार्ता समाप्त हो गई। जून, 2018 में सिंगापुर में आयोजित पहली बैठक के बाद उत्तर कोरियाई राष्ट्रपति किम जोंग-उन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच यह दूसरी बैठक थी।
4. गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने **धुबरी, असम** में भारत-बांग्लादेश सीमा पर CIBMS के तहत **BOLD-QIT** (Border Electronically Dominated QRT Interception Technique) परियोजना का उद्घाटन किया।
**नोट**:बांग्लादेश के साथ 4,096 किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा के लिए सीमा सुरक्षा बल (BSF) उत्तरदायी है।इस परियोजना के कार्यान्वयन से न केवल BSF को सभी प्रकार के सीमा पार अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी, बल्कि सैनिकों को चौबीसों घंटे मानव निगरानी से राहत भी मिलेगी।
5. उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू दो देश **पैराग्वे और कोस्टा रिका** के दौरे पर गए थे।
**नोट:** उप-राष्ट्रपति **के.जे. अल्फोंस** (पर्यटन राज्य मंत्री), संसद सदस्यों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ रहेंगे।यह भारत से दो लैटिन अमेरिकी देशों की पहली उच्च-स्तरीय यात्रा है।
6. रूसी राष्ट्रपति **व्लादिमीर पुतिन** ने **संयुक्त राज्य अमेरिका** के साथ एक शीतयुद्ध काल की **परमाणु हथियार-नियंत्रण संधि** में देश की सहभागिता को आधिकारिक तौर पर समाप्त कर दिया।
**नोट:** श्री पुतिन ने वर्ष 1987 में USSR और अमेरिका के बीच हुई **INF संधि** (Intermediate-Range Nuclear Forces) से रूस के बाहर होने के आदेश पर हस्ताक्षर किए। संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा संधि के तहत अपने दायित्वों के उल्लंघन के बाद यह कदम उठाया गया। इससे पहले, दोनों देशों ने एक दूसरे पर INF संधि के उल्लंघन का आरोप लगाया।
7. वॉइस मैच और **'Ok Google' कमांड** से मोबाइल फोन को अनलॉक करने वाले फीचर को **गूगल ने** हटाया।
**नोट**:गूगल ने इस अनलॉक फीचर को वॉइस मैच आधारित एंड्रॉइड डिवाइस को अनलॉक करने के बजाय केवल लॉक स्क्रीन पर असिस्टेंट इंटरफेस लॉन्च करने तक सीमित करने का निर्णय लिया है।कुछ डिवाइस में गूगल ऐप के 9.27 वर्जन के साथ ये फीचर पहले ही हट गया है।
8. अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (ICC) का 124वां सदस्य– **मलेशिया**
**नोट:** ICC दुनिया का एकमात्र स्थाई युद्धकालीन अपराध न्यायालय है और इसका उद्देश्य राष्ट्रीय अदालतों के



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ
आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

असमर्थ या अनिच्छुक होने पर सबसे बुरे दुर्व्यवहारों के खिलाफ मुकदमा चलाना है।अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (ICC) एक अंतरसरकारी संगठन और अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण है जो नीदरलैंड्स के हेग में है, इसकी स्थापना वर्ष 2002 में हुई थी।

9. **भारत और ओमान के बीच** किस द्विपक्षीय संयुक्त अभ्यास का तीसरा संस्करण ओमान के जबल अल अखदर पर्वत पर शुरू होगा -- **'अल नगाह 2019'**।
**नोट:** अभ्यास में दोनों सेनाएं रणकौशल, हथियार चलाने और फायरिंग में दक्षता और अनुभव का आदान-प्रदान करेंगी।इस अभ्यास का उद्देश्य अर्ध शहरी पर्वतीय क्षेत्रों

11. अधिकतम खुदरा मूल्य में 87 प्रतिशत तक की कमी के साथ 390 कैंसररोधी गैर-अनुसूचित दवाओं की सूची **राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण** ने जारी की।
**नोट:** दवा निर्माताओं और अस्पतालों को संशोधित दरों के बारे में निर्देश दिए गए हैं। निर्माताओं द्वारा रिपोर्ट किए गए 426 ब्रांडों में से 390 ब्रांडों के मूल्य में कमी देखी गई है।

12. बोइंग 737 मैक्स 8 विमान दुर्घटना में आठ चालक दल सहित 157 यात्रियों की मृत्यु के बाद इन विमानों की उड़ानें रद्द करने वाली एयरलाइंस --- **इथियोपिया एयरलाइंस।**
**नोट:** यह विमान दुर्घटना इथियोपिया के बोले अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद बिशोफ़ू शहर (अदिस अबाबा के 60 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व) के पास हुई।बोइंग 737 मैक्स-8 में 33 देशों के यात्री सवार थे।

13. **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** ने सभी लोगों को किस खतरे से बचाने के लिए वर्ष 2019-2030 के लिए **वैश्विक इन्फ्लूएंजा रणनीति** जारी की -- **इन्फ्लूएंजा।**
**नोट:** रणनीति का उद्देश्य मौसमी इन्फ्लूएंजा को रोकना, जानवरों से मनुष्यों में इन्फ्लूएंजा के प्रसार को नियंत्रित करना और अगली इन्फ्लूएंजा महामारी के लिए तैयार करना है।गंभीर इन्फ्लूएंजा प्रभावित उच्च जोखिम वाले

में आतंकवादीरोधी अभियानों में पारस्परिकता को बढ़ाना है।वर्ष 2006 में भारत-ओमान संयुक्त सैन्य सहयोग बैठकों की शुरुआत के बाद से भारत-ओमान द्विपक्षीय सुरक्षा संबंध जारी रहे हैं।

10. पहली **भारत-जापान अंतरिक्ष वार्ता नई दिल्ली में** आयोजित की गई।
**नोट:** यह वार्ता दोनों देशों के बाह्य अंतरिक्ष से संबंधित मंत्रालयों और एजेंसियों को एक साथ लाएगी और संबंधित अंतरिक्ष नीतियों पर सूचनाओं के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करेगी।

लोगों और स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों के लिए टीकाकरण विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

14. प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** और **शेख हसीना** ने कहां पर विकास परियोजनाओं के लिए संयुक्त रूप से ई-पट्टिका का अनावरण (वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से) किया -- **बांग्लादेश।**
**नोट:** दोनों नेताओं ने बांग्लादेश के लिए बसों और ट्रकों की उपलब्धता, 36 सामुदायिक क्लीनिकों का उद्घाटन, 11 जल उपचार संयंत्रों और राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क के विस्तार हेतु ई-पट्टिका का अनावरण किया।राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क भारत और दुनिया के लिए बांग्लादेश मे विद्वानों और अनुसंधान संस्थानों को जोड़ेगा।बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ यह उनका छठा वीडियो सम्मेलन है।

15. नए वीजा समझौते के तहत, मालदीव के व्यापारी और पर्यटक भारत में कितने दिनों के लिए बिना वीजा के रह सकते हैं -- **90 दिनों।**
**नोट:** इस कदम के पीछे का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देना है।एक वीजा किसी देश द्वारा एक विदेशी को दिया गया एक सशर्त अधिकार-पत्र है, जो उन्हें उस देश में प्रवेश करने, रहने, या देश छोड़ने की अनुमति देता है।



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

16. भारत और अमेरिका ने भारत में **छह** अमेरिकी परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण करने के लिए सहमती व्यक्त की है।

**नोट:** 13 मार्च को, विदेश सचिव **विजय गोखले** और अमेरिकी राष्ट्र की शस्त्र नियंत्रण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा अवर सचिव **एंड्रिया थॉम्पसन** की सह-अध्यक्षता में **भारत-अमेरिका रणनीतिक सुरक्षा वार्ता के 9वें दौर** के समापन पर जारी एक संयुक्त बयान में दोनों देशों ने यह बात कही।

17. जापान में तैनात **संयुक्त राज्य विशेष सैन्य बल समूह** ने कहां पर भारत के **राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG)** के साथ **संयुक्त अभ्यास** आयोजित किया --- **हैदराबाद।**

**नोट:**अमेरिकी सैन्य बल जापान में ओकिनावा से बाहर तैनात पहले विशेष बल समूह की पहली बटालियन से है।संयुक्त अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संकट के समय दक्षता और एक साथ कार्य करने की क्षमता को बढ़ाना था।

18. **गूगल** का इंस्टेंट मैसेजिंग मोबाइल ऐप जो अंतत: बंद हो गया -- **Allo.**

**नोट:**‘Allo app’ पहचानकर्ता के रूप में फोन नंबर का उपयोग करता है, और उपयोगकर्ताओं को मैसेज, फाइल, वॉइस नोट्स और इमेज साझा करने की अनुमति देता है।गूगल Allo (वर्ष 2016 में लॉन्च) एंड्रायड और iOS मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए गूगल द्वारा शुरू किया गया एक इंस्टेंट मैसेजिंग मोबाइल ऐप था, जिसमें गूगल क्रोम, मोजिला फायरफ़ॉक्स और ओपेरा पर एक वेब क्लाइंट उपलब्ध था।

19. **ब्राजील की अध्यक्षता** के तहत **पहली ब्रिक्स शेरपा बैठक ब्राजील** में संपन्न हुई।

**नोट:** विदेश मंत्रालय में आर्थिक संबंध मामले के सचिव, **टी.एस. तिरुमूर्ति** ने दो दिवसीय बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।बैठक के दौरान, भारत ने विशेष रूप से ब्रिक्स सदस्य देशों के साथ सार्थक और यथार्थपूर्ण तरीके से आतंकवाद का मुकाबला करने हेतु ब्रिक्स सहयोग को आगे बढ़ाने सहित ब्राजील द्वारा निर्धारित प्राथमिक क्षेत्रों पर अपना समर्थन व्यक्त किया।

20. **भारतीय सेना** ने पुणे के औंध मिलेट्री स्टेशन में 17 अफ्रीकी देशों के सशस्त्र बलों के साथ **दस दिवसीय सैन्य अभ्यास** शुरू किया **AFINDEX-19’**.

**नोट:** संयुक्त राष्ट्र, भारत और AFINDEX के ध्वजों के साथ भारतीय सेना के एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टरों और चीता हेलीकॉप्टरों की विमान परेड उद्घाटन समारोह का मुख्य आकर्षण था। यह अभ्यास भाग लेने वाले देशों के बीच सर्वोत्तम अभ्यासों के आदान-प्रदान, संयुक्त राष्ट्र के अनिवार्य कार्यों के संचालन में टीम निर्माण और सामरिक स्तर की गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

21. पुणे की एक आई.टी. कंपनी पृथ्वी पर दुनिया के सबसे बड़े टेलीस्कोप **‘थर्टी मीटर टेलीस्कोप’** (TMT)’ के लिए सॉफ्टवेयर विकसित कर रही है

**नोट:**टेलीस्कोप का निर्माण भारत, अमेरिका, चीन, जापान और कनाडा द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है और 2020 के मध्य में शुरू होने की संभावना ह\भारत टेलीस्कोप की जटिल ऑप्टिकल संरचना का निर्माण कर रहा है, जिसे सेगमेंट सपोर्ट असेंबली (SSA) कहा जाता है।

22. इंडोनेशिया के सबांग जाने वाला **पहला भारतीय तटरक्षक जहाज विजित है।**

**नोट:**तट रक्षक जहाज की यह यात्रा जुलाई, 2018 में नौसेना जहाज INS सुमित्रा की सबांग की पहली-यात्रा के बाद हुई।विजित की यात्रा नई दिल्ली और जकार्ता के बीच समुद्री सुरक्षा और रक्षा के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने को विशिष्ट रूप से दर्शाती है।

23. नमस्ते थाईलैंड महोत्सव का तीसरा संस्करण **नई दिल्ली में** आयोजित किया गया।

**नोट:** महोत्सव का उद्देश्य भारत और थाईलैंड के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ाना है।

24. दुनिया का सबसे बड़ा ई-अपशिष्ट पुनरावर्तन संयंत्र (recycling plant) **दुबई में** खोला गया।



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ
आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

**नोट:** यह **अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण** (WEEE), आई.टी. परिसंपत्ति रचनाओं (ITAD), प्रशीतक गैस और विशेष कचरे का पुनरावर्तन करेगा।इस पुनरावर्तन केंद्र की प्रक्रमण क्षमता कुल संकलित अपशिष्ट (प्रति वर्ष) का 100,000 टन है, जिसमें से 39,000 टन ई-अपशिष्ट है।यह केंद्र उपभोक्ता और उद्योग से लेकर वाणिज्यिक और सैन्य तक सभी प्रकार के WEEE को संसाधित कर सकता है।

**25.** कजाकिस्तान ने अपनी राजधानी अस्ताना का नाम बदलकर **नूरसुल्तान कर दिया।**

**नोट:** श्री नजरबायेव के अप्रत्याशित इस्तीफे के 24 घंटे बाद श्री तोकायेव को राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई गई।

**26.** भारतीय नौसेना का अग्रिम पंक्ति का लड़ाकू युद्धपोत जो मलेशियाई द्वीपसमूह लैंगकावी पहुंचा **--- INS कदमत।**

**नोट**:यह **लैंगकावी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री एवं एयरोस्पेस प्रदर्शनी** (LIMA-19) के 15वें संस्करण में भाग लेगा।INS कदमत एक स्वदेशी स्टील्थ एंटी सबमरीन युद्धपोत है और यह जनवरी, 2016 में भारतीय नौसेना में शामिल हुआ था।जहाज में अत्याधुनिक हथियार, सेंसर और मशीनरी लगाए गए हैं।

**27.** गूगल ने **Stadia नाम का** वीडियो-गेम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म लॉन्च किया।

**नोट**:यह प्लेटफॉर्म क्लाउड में गेम-प्लेइंग सेशन को स्टोर करेगा और प्लेयर गूगल के क्रोम ब्राउजर और क्रोम OS (Pixel फोन और Chromebook) पर काम करने वाले डिवाइस के माध्यम से गेम खेल सकेंगे।गूगल ने सैन फ्रांसिस्को में गेम डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा की।

**28.** एशिया से यूरोप तक विस्तारित परिवहन और व्यापार लिंक की बीजिंग की नई सिल्क रोड में शामिल होने के लिए चीन के साथ एक गैर-बाध्यकारी प्रोटोकॉल पर **इटली ने** हस्ताक्षर किए।

**नोट:** इटली परियोजना के लिए हस्ताक्षर करने वाला पहला G7 देश बन गया।चीन के राष्ट्रपति **शी जिनपिंग** और इटली के प्रधानमंत्री **गिउसेप कॉन्टे** दोनों ने 29 समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर करने के लिए रोम में एक समारोह में भाग लिया, जिसके बारे में इतालवी मीडिया ने कहा है कि इसकी कीमत 5.6 से 8 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी।

**29.** श्रीलंका के राष्ट्रपति जिन्होंने थेरवाद त्रिपिटक को यूनेस्को की विश्व धरोहर घोषित करने के लिए एक प्रस्ताव सौंपा- **- मैत्रीपाल सिरिसेना।**

**नोट:थेरवाद त्रिपिटक** (बौद्धों का पवित्र ग्रंथ) को इस वर्ष जनवरी में राष्ट्रपति द्वारा श्रीलंका की राष्ट्रीय धरोहर के रूप में घोषित किया गया था।जब तक त्रिपिटक को लगभग 100 वर्ष ईसा पूर्व में लिखा नहीं गया, तब तक बुद्ध के उपदेश को पीढ़ियों तक मुंह जुबानी प्रचारित किया गया था।

**30.** भारत-अफ्रीकी संघ ने **स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र** में सहयोग को मजबूत बनाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:भारत-अफ्रीका स्वास्थ्य विज्ञान सहयोगपूर्ण मंच** की स्थापना के लिए **भारत और अफ्रीकी संघ के बीच** एक **समझौते पर हस्ताक्षर** किए गए हैं।

**31.** अमेरिका के साथ एक समझौते पर **ओमान** ने हस्ताक्षर किए हैं जो अमेरिकी जहाजों और युद्धक विमानों को उस देश के बंदरगाहों और हवाई अड्डों का उपयोग करने की अनुमति देता है।

**नोट:** स समझौते से अमेरिकी सेना को ओमान के कुछ बंदरगाहों और हवाई अड्डों पर अमेरिकी सैन्य जहाजों और विमानों की यात्राओं के दौरान विशेष रूप से दुक्म बंदरगाह में सुविधाओं का लाभ उठाने की मंजूरी मिलेगी।**दुक्म बंदरगाह** दक्षिणी ओमान में अरब सागर के किनारे पर और **होरमुज़ जलसंधि** से लगभग 500 किलोमीटर दूर है।

**32.** नेपाल के प्रधान मंत्री के.पी. शर्मा ओली ने **काठमांडू में** स्थित "होटल सोल्टी" में "नेपाल निवेश शिखर सम्मेलन 2019" का उद्घाटन किया।



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें

तैयारी करें

**नोट**:दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में 600 से अधिक निवेशक (चीन से 265, भारत से 120) और भारत सहित 40 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।इस समारोह का मुख्य उद्देश्य नेपाल को पसंदीदा निवेश स्थल के रूप में प्रस्तुत करना है।

**33.** भारत और बांग्लादेश ने एक क्रूज सेवा प्रारंभ की है जो यात्रियों को सुंदरबन से कहां तक ले जाएगी - **ढाका।**
**नोट:** इस पहल का उद्देश्य दोनों देशों के बीच अंतर्देशीय जलमार्ग मार्गों को मजबूत करना है। MEA (विदेश मंत्रालय) के अधिकारी ने कहा, चूंकि अंतर्देशीय जलमार्गों का उपयोग करके माल की आवाजाही प्रारंभ होती है, इसलिए भारत से माल बांग्लादेश के नारायणगंज और ढाका तक सबसे सस्ते संभावित रूप में जा सकता है।

**34.** इजरायल के शोधकर्ताओं द्वारा खोजी गई दुनिया की सबसे लंबी नमक की गुफा का नाम -- **मल्हम।**
**नोट:** माउंट सोडोम (इज़राइल का सबसे बड़े पर्वत) के होकर जाती हुई इस गुफा की लंबाई 10-किलो मीटर (6.25 मील) है, और यह मृत सागर के दक्षिण-पश्चिम कोने तक फैली हुई है।येरूसलम के हिब्रू विश्वविद्यालय के नेतृत्व में नौ देशों के गुफा खेजकर्ताओं द्वारा दो वर्षों में इसका मानचित्रण किया गया था। वर्ष 2006 में, शोधकर्ताओं ने दक्षिणी ईरान के केशम द्वीप में छह किलोमीटर से अधिक लंबी N3 गुफा का मानचित्रण किया था।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. अर्धसैनिक बल के 50 वर्षों के उपलक्ष्य में **सिंगल-लाइन साइकिल परेड** में **गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड** किसने बनाया **केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF)।**
**नोट:** केंद्रीय बल के कार्मिकों ने नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक लाइन में साइकिलों के बीच समान दूरी के साथ कुल 1,327 साइकिलें चलाईं। साइकिल परेड ने 3.2 किमी की दूरी बिना रुके तय की। इससे पहले, यह रिकॉर्ड भारत के हुबली साइकिल क्लब के नाम था, जिसमें सिंगल चेन में 1,235 साइकिलें थीं।
2. **अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स** (AIAA) द्वारा **2019 मिसाइल सिस्टम अवार्ड** के सह-विजेता चुने गए **DRDO के अध्यक्ष सतीश रेड्डी है।**
**नोट: अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स** (AIAA) ने 'सतीश रेड्डी' (DRDO के अध्यक्ष और भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव) को 2019 मिसाइल सिस्टम अवार्ड के सह-विजेता के रूप में चुना।अन्य सह-विजेता **रोंडेल जे. विल्सन** हैं जो रेथियॉन मिसाइल सिस्टम के पूर्व प्रिंसिपल इंजीनियरिंग फेलो हैं।सतीश रेड्डी 40 वर्षों में अमरीका के बाहर यह पुरस्कार हासिल करने वाले पहले व्यक्ति हैं।
3. **फोर्ब्स पत्रिका** के अनुसार अपनी मेहनत से सबसे युवा अरबपति बनने वाली अमेरिकी रियलिटी टेलीविजन स्टार **काइली जेनर है।**
**नोट:** फेसबुक के **जुकरबर्ग** उस समय **23 वर्ष** के थे जब उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की थी।फोर्ब्स पत्रिका के अनुसार, जेनर की काइली कॉस्मेटिक्स की कीमत कम से कम 900 मिलियन अमेरिकी डॉलर है, और वह यह उनके पूर्व स्वामित्व में हैं। उन्होंने वर्ष 2007 से E! रियलिटी टेलीविजन सीरीज **'कीपिंग अप विद द कार्दशियन'** से अभिनय शुरु किया और वह कॉस्मेटिक कंपनी **काइली कॉस्मेटिक्स** की संस्थापक और मालिक हैं।
4. **पुर्तगाल के लिस्बन** में अंतर्राष्ट्रीय निरंतरता पुरस्कार **'ग्रीन एरा अवार्ड फॉर सस्टेनेबिलिटी'** (दूसरी बार) **TVS मोटर कंपनी ने** जीता।





**नोट:** कंपनी ने उत्पाद की गुणवत्ता में नए मानक बनाने के अपने प्रयास की अभिस्वीकृति में 'गुणवत्ता और व्यवसाय उत्कृष्टता पुरस्कार' भी जीता। TVS मोटर कंपनी ने एक जिम्मेदार निर्माता होने के प्रति अपनी सच्ची प्रतिबद्धता के कारण पुरस्कार जीता। पुरस्कार अदरवेज़ मैनेजमेंट एंड कंसल्टिंग, फ्रांस की शोध टीम के निष्कर्ष पर आधारित है।

5. स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 पुरस्कारों में सबसे स्वच्छ शहर के पुरस्कार से **इंदौर को** सम्मानित किया गया।
   **नोट:** दूसरा और तीसरा स्थान अंबिकापुर (छत्तीसगढ़) और मैसूर (कर्नाटक) ने हासिल लिया। केंद्र सरकार के सर्वेक्षण में **नई दिल्ली नगरपालिका परिषद क्षेत्र** को **'सबसे स्वच्छ छोटे शहर'** का पुरस्कार दिया गया, उत्तराखंड के **गौचर** को **'सबसे स्वच्छ गंगा नदी तट शहर'** चुना गया।**'सबसे स्वच्छ बड़े शहर'** का पुरस्कार **अहमदाबाद** को, जबकि **रायपुर** को **'सबसे तेज बढ़ने वाले बड़े शहर'** का पुरस्कार मिला है। उज्जैन को 'सबसे स्वच्छ मध्यम शहर' और मथुरा-वृंदावन को 'सबसे तेज बढ़ने वाले मध्यम शहर' का पुरस्कार दिया गया।**भोपाल** (मध्य प्रदेश) को सबसे **स्वच्छ राजधानी** घोषित किया गया।

6. **अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परिषद (ACI)** के अनुसार, **मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (MIAL)** हवाई अड्डे को **'40 मिलियन से अधिक' यात्री** श्रेणी में आकार और क्षेत्र के आधार पर सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
   **नोट:** यह पुरस्कार एशिया-प्रशांत क्षेत्र में उत्कृष्ट ग्राहक अनुभव के सम्मान में दिया गया था।यह दुनिया के 8.3 बिलियन से अधिक यात्रियों की आवाजाही वाले किसी भी एयरपोर्ट ऑपरेटर के लिए उच्चतम संभावित पुरस्कार है। पुरस्कार समारोह इंडोनेशिया के बाली में आयोजित किया जाएगा।

7. राष्ट्रपति **राम नाथ कोविंद** ने नारी शक्ति पुरस्कार 2018 **नई दिल्ली में** प्रदान किए।
   **नोट:** नारी शक्ति पुरस्कार भारत में महिलाओं के लिए सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।इस वर्ष, इन पुरस्कारों के लिए 44 प्राप्तकर्ता चुने गए हैं।इस वर्ष का नारी शक्ति पुरस्कार वन स्टॉप सेंटर और एक ऐसे राज्य को भी प्रदान किया गया है, जिसने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जन्म के समय बाल लिंगानुपात में सुधार करने में आश्चर्यजनक प्रगति दर्शाई है।

8. जापानी वास्तुकार **अराता इसोज़ाकी** ने प्रित्जकर पुरस्कार 2019 जीता।
   **नोट:** वह यह सम्मान पाने वाले 46वें प्रित्जकर पुरस्कार विजेता और 8वें जापानी वास्तुकार हैं।प्रित्जकर पुरस्कार (पुरस्कार राशि 100,000 अमेरिकी डॉलर) को वास्तुकला का नोबेल पुरस्कार माना जाता है।लॉस एंजिल्स में म्यूजियम ऑफ कन्टेम्परेरी और बार्सिलोना में पलाऊ सेंट जोर्डी इनडोर स्पोर्ट एरिना उनके 100 से अधिक प्रमुख प्रॉजेक्ट में से हैं।यह पुरस्कार प्रित्जकर परिवार द्वारा वित्त पोषित और **हयात फाउंडेशन** द्वारा प्रायोजित है।

9. भारतीय वायु सेना विंग कमांडर **अभिनंदन वर्धमान** 'भगवान महावीर अहिंसा पुरस्कार' के पहले प्राप्तकर्ता होंगे।
   **नोट:** यह पुरस्कार अखिल भारतीय दिगंबर जैन महासमिति द्वारा स्थापित किया गया है।27 फरवरी को, श्री वर्धमान ने पाकिस्तानी वायु सेना के एक F-16 विमान को आमने-सामने की लाड़ाई में हवा से हवा मारक R-73 मिसाइल से मार गिराया था।वर्धमान को यह पुरस्कार 17 अप्रैल, 2019 को प्रदान किया जाएगा, इसमें 2.51 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक स्मृति चिन्ह और एक प्रशस्ति पत्र शामिल है।

10. BBC की पत्रकार **प्रियंका दुबे ने** वर्ष 2018 में एक उत्कृष्ट महिला पत्रकार के लिए **'चमेली देवी जैन पुरस्कार -2018'** हासिल किया।
    **नोट:** उन्हें बहुआयामी, तहकीकात संबंधी और पूछताछ संबंधी रिपोर्ट के लिए चुना गया था।प्रियंका दुबे BBC के



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

साथ इसके दिल्ली ब्यूरो में एक द्विभाषी संवाददाता के रूप में काम करती हैं।चमेली देवी जैन पुरस्कार का नाम **स्वतंत्रता सेनानी चमेली देवी जैन** के नाम पर रखा गया जिन्होंने गांधी जी के आह्वान पर विदेशी वस्तुओं के खिलाफ प्रदर्शन किया और गिरफ्तार हुईं।

11. जापानी महिला **केन तनाका ने** गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा **दुनिया के सबसे उम्रदराज जीवित व्यक्ति** (116 वर्षीय) के रूप में सम्मानित किया गया।
**नोट:** वैश्विक प्राधिकरण ने दस्तावेजों के आधार पर एक समारोह में केन तनाका को आधिकारिक रूप से सम्मानित किया।इससे पूर्व सबसे उम्रदराज जीवित व्यक्ति एक अन्य जापानी महिला, **चियो मियाको** (117 वर्षीय) थीं, जिनका जुलाई, 2017 में निधन हो गया था।

12. भारतीय जिमनास्ट **दीपा करमाकर ने** कंपनी की 60वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में **बार्बी रोल मॉडल** चुना गया।
**नोट:** करमाकर को 19 अन्य सफल महिलाओं (17 देशों से) के साथ चुना गया है, जो वास्तविक जीवन के नायकों से प्रेरित बार्बी डॉल के संग्रह में शामिल है।वह कंपनी द्वारा वर्ष 2015 में शुरू किए गए 'शेरो' कार्यक्रम का हिस्सा थीं।

13. राष्ट्रपति **कोविंद** ने **राष्ट्रपति भवन में** योजित **रक्षा अभिषेक समारोह** में सशस्त्र बलों को **3 कीर्ति चक्र** और **15 शौर्य चक्र** प्रदान किए।
**नोट:** दो **कीर्ति चक्र** (**सिपाही ब्रह्मपाल सिंह और राजेंद्र कुमार नैन**) और एक **शौर्य चक्र (धनवाडे रवींद्र बाबन) मरणोपरांत** दिए गए।राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारियों को एक असाधारण विशिष्ट सेवा के लिए पंद्रह परम विशिष्ट सेवा पदक, एक उत्तम युद्ध सेवा पदक और 25 अति विशिष्ट सेवा पदक भी प्रदान किए।

14. भारत के राष्ट्रपति, **श्री राम नाथ कोविंद** ने **नवाचार एवं उद्यमिता महोत्सव (FINE)** का उद्घाटन **गांधीनगर में** किया।
**नोट:** नवाचार एवं उद्यमिता महोत्सव का उद्देश्य सशक्त हितधारकों के साथ संपर्क हेतु नवप्रवर्तकों के लिए एक मंच प्रदान करना है। **प्रकाश सिंह रघुवंशी** (उत्तर प्रदेश) को कृषि फसलों की नई किस्मों में उनके नवाचारों के लिए **लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार** से सम्मानित किया गया।तमिलनाडु के सेलम के **पेरियासामी रामासमी** को कॉसीडिओसिस की जड़ी-बूटी चिकित्सा के लिए **पशु चिकित्सा में प्रथम पुरस्कार** प्रदान किया गया।

15. **विश्व आर्थिक मंच (WEF)** के अनुसार, **युवा वैश्विक नेता** के रूप में **नारा लोकेश (आंध्र प्रदेश के आई.टी. मंत्री) को** सम्मानित किया गया।
**नोट:** इस सूची में 40 वर्ष से कम आयु के दुनिया के सबसे होनहार सामाजिक कार्यकर्ता, कारोबारी नेता, लोक सेवक, कलाकार और प्रौद्योगिकीविद हैं।सभी व्यक्तियों से पंचवर्षीय कार्यक्रम में भाग लेने की अपेक्षा की जाती है जो उन्हें नए विचारों को सीखने के नए तरीकों को पहचानने में मदद करेंगे।

16. डी.डी. महिला किसान पुरस्कार का प्रथम पुरस्कार **स्वाति शिंगडे ने** जीता।
**नोट:** महाराष्ट्र के पुणे की **स्वाति शिंगडे** ने वर्ष 2018-19 के लिए **डी.डी. महिला किसान अवॉर्ड का प्रथम पुरस्कार** हासिल किया।सुश्री शिंगडे को यह पुरस्कार **प्रसार भारती के अध्यक्ष ए. सूर्य प्रकाश** ने नई दिल्ली में डी.डी. किसान चैनल द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया।

17. **पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह** ने माल एवं सेवा कर (GST) को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए **बिजनेसलाइन चेंजमेकर ऑफ द ईयर अवार्ड अरुण जेटली को** प्रदान किया।
**नोट:** जेटली ने GST परिषद की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया।समलैंगिकता को अपराध मानने वाली भारतीय दंड संहिता की धारा 377 के खिलाफ याचिकाकर्ताओं को भी पुरस्कार प्रदान किया गया।

18. **वाटर डाइजेस्ट वाटर अवार्ड** में अपनी RO+UV+UF तकनीक के लिए **सर्वश्रेष्ठ घरेलू वाटर प्यूरीफायर**



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ
आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

**पुरस्कार 2018-19** से **कैंट RO सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड** कंपनी को सम्मानित किया गया।

**नोट:** वाटर डाइजेस्ट वाटर अवॉर्ड जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा कायाकल्प मंत्रालय और यूनेस्को द्वारा समर्थित है। कैंट RO वाटर प्यूरीफायर के विषय में लोगों की पहली पसंद बन गया है और उनके अनुसार, ऐसे पुरस्कार जीतना केवल उस गुणवत्ता को दर्शाता है जिसे हम अपने उपयोगकर्ताओं को प्रदान करना चाहते हैं।

**19.** **एशियाई क्षेत्र का राष्ट्रमंडल युवा पुरस्कार** विजेता **पद्मनाभन गोपालन को** चुना गया।

**नोट: श्री पद्मनाभन गोपालन** को लंदन में राष्ट्रमंडल सचिवालय में आयोजित एक समारोह में 3,000 पाउंड मूल्य का **एशियाई क्षेत्र का राष्ट्रमंडल युवा पुरस्कार** विजेता चुना गया।

**20.** मर्सर के नए **क्वालिटी ऑफ लिविंग सर्वे** में शीर्ष स्थान **वियना ने** हासिल किया।

**नोट:** दुनिया में रहने के लिए 20 सर्वश्रेष्ठ स्थानों में से 13 यूरोप में हैं।स्विटजरलैंड का सबसे बड़ा शहर ज्यूरिख, जीवन जीने के लिए दूसरे स्थान पर रहा, उसके बाद ऑकलैंड, म्यूनिख और वैंकूवर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। लक्जमबर्ग को दुनिया में सबसे सुरक्षित शहर बताया गया, उसके बाद फिनलैंड के हेलसिंकी और स्विटजरलैंड के बेसल, बर्न और ज्यूरिख शहरों का स्थान रहा।

**21.** नॉन-फिक्शन श्रेणी के लिए प्रतिष्ठित **विंडहम-कैंपबेल साहित्य पुरस्कार** प्राप्त करने वाले एक भारतीय पत्रकार, लेखक और द वायर के प्रमुख **रघु कर्नाड है।**

**नोट:** वे गिरीश कर्नाड (अभिनेता, फिल्म निर्देशक, कन्नड़ लेखक) के पुत्र हैं। उन्होंने वर्ष 2015 में प्रकाशित अपनी पहली पुस्तक, **'फारदेस्ट फील्ड: एन इंडियन स्टोरी ऑफ सेकेंड वर्ल्ड वॉर'** के लिए पुरस्कार जीता।

**22.** टेक्सास यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर जो एबेल पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला **करेन उहलेनबेक** बन गईं।

**नोट:** उन्हें "विश्लेषण, ज्यामिति और गणितीय भौतिकी" पर अपने कार्यों के प्रभाव के लिए सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार के बाद प्रारंभ हुआ, एबेल पुरस्कार नॉर्वे के राजा द्वारा प्रदान किया जाता है और इसमें **700,000 अमेरिकी डॉलर** का नकद पुरस्कार मिलता है।

**23.** 16 व्यक्तियों में से एक भारत की सामाजिक उद्यमी जिन्हें येल यूनिवर्सिटी द्वारा 2019 वर्ल्ड फेलो चुना गया **-- नेहा उपाध्याय।**

**नोट:** नेहा उपाध्याय ने वर्ष 2014 में GUNA ऑर्गेनिक्स की स्थापना की थी जो भारत की ग्रामीण महिला किसानों द्वारा नैतिक रूप से उगाए गए जैविक खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराती है।उनका कार्य मधुमेह, स्वलीनता, और ध्यानाभाव एवं अतिसक्रियता विकार (ADHD) सहित विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों से पीड़ित बच्चों के लिए काम करने पर भी केंद्रित है।वह ब्रिटिश काउंसिल द्वारा सम्मानित फ्यूचर लीडर्स कनेक्ट (2018) और सोशल इम्पैक्ट इंडिया (2017) की प्राप्तकर्ता रही हैं।

**24.** दुबई में आयोजित एक समारोह के दौरान वर्की फाउंडेशन ग्लोबल टीचर प्राइज 2019 जीतने वाले केन्याई शिक्षक **पीटर तबीची है।**

**नोट:** मिस्टर तबिची केन्या की विभ्रंश घाटी के सुदूर क्षेत्र स्थित पिवानी गांव के केरिको सेकेंडरी स्कूल में गणित और भौतिकी के शिक्षक हैं। वह गरीब छात्रों की मदद करने के लिए अपना अधिकांश वेतन (अपनी मासिक आय का 80%) दान करते हैं।

**25.** 60वें वार्षिक अकादमी पुरस्कार के 15 विजेताओं के नाम **ललित कला अकादमी ने** घोषित किए।

**नोट:** सभी पुरस्कार विजेताओं को नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट (NGMA) और सर जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट में आयोजित 60वीं राष्ट्रीय प्रदर्शनी में एक पट्टिका, एक शॉल और 1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा।ललित कला अकादमी दिल्ली



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

में स्थित भारत की राष्ट्रीय कला अकादमी है और इसकी स्थापना वर्ष 1954 में भारत सरकार द्वारा देश के अंदर और बाहर भारतीय कला की समझ को बढ़ावा देने और प्रचारित करने के लिए की गई थी।

26. हिंद महासागर द्वीपसमूह कोमोरोस के निर्वाचन आयोग के अनुसार, पुन: निर्वाचित राष्ट्रपति **अजाली असोउमनी है।**

27. राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को क्रोएशिया के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार **ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द किंग ऑफ टॉमिस्लाव** से सम्मानित किया गया।
**नोट:** क्रोएशिया और अन्य संबंधित देशों के बीच राष्ट्रीय संबंधों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए राष्ट्र प्रमुखों को नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।**द ग्रैंड ऑर्डर ऑफ किंग टॉमिस्लाव विद सैश** और **ग्रेट मॉर्निंग स्टार** क्रोएशिया का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान है।इसका नाम क्रोएशिया के राजा टॉमिस्लाव के नाम पर रखा गया है।

28. प्रतिष्ठित बोडले मेडल से सम्मानित नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री **अमर्त्य सेन है।**
**नोट:** यह मेडल उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने साहित्य, संस्कृति, विज्ञान और संचार सहित उन क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान दिया है, जिनमें बोडलियन सक्रिय है।**अमर्त्य सेन** का जन्म ब्रिटिश भारत के बंगाल में मानिकगंज (आधुनिक बांग्लादेश) जिले के एक हिंदू परिवार में हुआ था।वह हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में थॉमस डब्ल्यू लामोंट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और हार्वर्ड लॉ स्कूल में संकाय सदस्य हैं।

## खेल समाचार

1. ईरान के चाबहार में आयोजित **मकरान कप** में **स्वर्ण पदक** जीतने वाले भारतीय मुक्केबाज दीपक सिंह है।
**नोट:** दीपक (49 किलोग्राम) ने फाइनल में जाफर नसेरी को हराया।पी. ललिता प्रसाद (52 किग्रा), मनीष कौशिक (60 किग्रा), दुर्योधन सिंह नेगी (69 किग्रा), संजीत (91 किग्रा) और सतीश कुमार (91 किग्रा) रजत पदक विजेता रहे।रोहित टोकस (64 किग्रा) और मनजीत सिंह पंघाल (75 किग्रा) सेमीफाइनल में हारकर कांस्य पदक विजेता रहे।

2. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 500 या उससे अधिक छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज वेस्टइंडीज के **क्रिस गेल है।**
**नोट:** ग्रेनाडा में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे एकदिवसीय मैच में, गेल ने 162 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 14 छक्के लगाए और विंडीज को 389 के सर्वाधिक एकदिवसीय स्कोर तक पहुंचाया।

3. काठमांडू में आयोजित नेपाल की **चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (COAS) ओपन मैराथन** और **रन फॉर फन** की 10 किलोमीटर दौड़ के विजेता **शशांक शेखर** है।
**नोट:** शेखर काठमांडू में भारतीय दूतावास में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) दल से हैं।COAS ओपन मैराथन और रन फॉर फन नेपाल सेना द्वारा आयोजित एक वार्षिक प्रतियोगिता है।

4. बुल्गारिया में **65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल** में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारत के स्टार पहलवान **बजरंग पुनिया है।**
**नोट:** यह वर्ष 2017 में पेरिस विश्व चैंपियनशिप के बाद से कई अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में पुनिया का 10वां पदक था।इससे पहले, पूजा ढांडा ने महिलाओं के 59 किग्रा में स्वर्ण जीता, जबकि सरिता मोर ने उसी भार वर्ग में रजत जीता। पुरुषों की फ्रीस्टाइल प्रतिस्पर्धाओं में, संदीप तोमर ने 61 किग्रा में रजत पदक जीता।

5. **दुबई टेनिस चैंपियनशिप** में अपने करियर का **100वां ATP खिताब** जीतने वाले स्विटजरलैंड के खिलाड़ी **रोजर फेडरर है।**
**नोट:** अमेरिका के जिमी कॉनर्स (109 का रिकॉर्ड) के बाद फेडरर (20 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन) 100 खिताब जीतने वाले दूसरे व्यक्ति हैं।पिछले सप्ताह के अंत में



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

मार्सिले खिताब जीतने के साथ खाड़ी में सितसिपास की आठ मैचों की जीत के दौर का अंत हुआ। **मार्टिना नवरातिलोवा** ने अपने करियर के दौरान **167 महिला एकल खिताब** जीतने का रिकॉर्ड बनाया है।

6. योनेक्स ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप 2019 **इंग्लैंड** में हुई।
   **नोट:** इसमें बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) रैंकिंग के केवल **शीर्ष 32 खिलाड़ी** खेले। इसमें **खिलाड़ी को 1,000,000 अमेरिकी डॉलर** की पुरस्कार राशि प्राप्त हुआ।
7. 28वें सुल्तान अजलान शाह कप में खेलने के लिए भारतीय हॉकी टीम का **कप्तान मनप्रीत सिंह** को बनाया गया।
   **नोट:** सुरेंद्र कुमार टीम के उप-कप्तान होंगे। **सुल्तान अजलान शाह कप** एक वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय पुरुष फील्ड हॉकी टूर्नामेंट है, जो मलेशिया के इपोह में 23 मार्च, 2019 से आयोजित किया जाएगा।
8. हेलसिंकी, फिनलैंड में आयोजित **38वें गीबी बॉक्सिंग टूर्नामेंट** में 56 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक **कविंदर सिंह बिष्ट ने** जीता।
   **नोट:** जबकि तीन बार के एशियाई पदक विजेता **शिव थापा** (60 किग्रा वर्ग) और तीन अन्य ने रजत पदक हासिल किए।सुमित सांगवान, पूर्व युवा विश्व चैंपियन सचिन सिवाच और नवीन कुमार को अपनी-अपनी श्रेणियों में कांस्य पदक मिला।
9. **नोइज़िल ओपन 2019** के दौरान 2,500 अंक पार करने के बाद भारत के **61वें ग्रैंडमास्टर पी. इनियान** बन गए।
   **नोट:** इयान ने इस टूर्नामेंट में 18अंकों की बढ़त के साथ रजत पदक भी जीता और उनकी रेटिंग 2,513 है।ग्रैंडमास्टर (GM) **विश्व शतरंज संगठन 'FIDE'** द्वारा शतरंज खिलाड़ियों को प्रदान की जाने वाली उपाधि है।
10. वर्ष 2022 तक स्पेन के फुटबॉल क्लब **'रियल मैड्रिड'** के कोच के रूप में **जिनेदिन जिदान को** पुन: नियुक्त किया गया।
   **नोट:** फ्रांस के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी **'जिनेदिन जिदान'** (46 वर्षीय) को वर्ष 2022 तक स्पेन के फुटबॉल क्लब **'रियल मैड्रिड'** (सर्वाधिक कमाई करने वाला फुटबॉल क्लब) के कोच के रूप में पुन: नियुक्त किया गया है।उन्होंने सैंटियागो सोलेरी की जगह ली, जिन्हें पांच महीने से भी कम समय की सेवा के बाद बर्खास्त कर दिया गया था।रियल मैड्रिड वर्ष 2018 में दुनिया में **सर्वाधिक कमाई करने वाला फुटबॉल क्लब** (750.9 यूरो मिलियन का वार्षिक राजस्व) था।
11. सिंगापुर में **लेजर एशियन सेलिंग चैम्पियनशिप** में पुरुषों की **लेजर स्टैंडर्ड नौका दौड़** प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाले मुंबई के नाविक **उपमन्यु दत्ता है।**
   **नोट:** इससे पहले, उपमन्यु ने माल्टा में यूरोमेड चैम्पियनशिप जीती थी।**नेथ्रा कुमनन** (चेन्नई) ने महिलाओं की **लेजर रेडियल प्रतिस्पर्धा** में एक प्रशंसनीय चौथा स्थान हासिल किया।
12. **SAFF (दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ) 2019 महिला चैम्पियनशिप** (5वां संस्करण) का आयोजन **बिराटनगर, नेपाल में** हुआ।
   **नोट:** वर्तमान SAFF सदस्य बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका हैं।पाकिस्तान ने 2019 SAFF महिला चैम्पियनशिप ने नाम वापस ले लिया।
13. विशेष ओलंपिक विश्व खेल 2019 की शुरुआत **अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में** हुई।
   **नोट:** 2,500 से अधिक महिलाएं अपने राष्ट्रीय ध्वज को फहराएंगी जिनमें से लगभग आधी एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी। सऊदी अरब पहली बार महिला एथलीटों को भेजेगा, जहां से 14 महिलाएं भाग लेंगी। मेजबान UAE एक विश्व खेल में एथलीटों के अपने सबसे बड़े दल को मैदान में उतारेगा, जिसके बाद भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका होंगे।
14. पुरुषों की **ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप 2019** एकल का खिताब **केंटो मोमोटा ने** जीता।
   **नोट:** जापान के **केंटो मोमाटा** ने इंग्लैंड के एरिना बर्मिंघम में आयोजित **ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप 2019** में



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ
आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

विक्टर एक्सलसेन को 1 घंटे 21 मिनट में हराकर **पुरुष एकल का खिताब** जीता।**चेन युफेई** (चीन) ने ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप 2019 में ताई-जू-यिंग (ताइवान) को हराकर **महिला एकल का खिताब** जीता। बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) रैंकिंग में केवल शीर्ष 32 खिलाड़ी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करते हैं।

**15.** अजरबैजान के बाकू में **आर्टिस्टिक जिमनास्टिक विश्व कप** में **वॉल्ट फाइनल** के लिए **दीपा करमाकर ने** क्वालीफाई किया।
**नोट:** भारत की **दीपा करमाकर** (25 वर्षीय) ने अजरबैजान के बाकू में **आर्टिस्टिक जिमनास्टिक विश्व कप** के क्वालीफाइंग दौर में तीसरा स्थान हासिल करने के बाद **वॉल्ट फाइनल** में जगह बनाई है।

**16.** वर्ष 2020 में **अंडर -17 महिला फुटबॉल विश्व कप** की मेजबानी **भारत** करेगा।
**नोट:** इसकी घोषणा 15 मार्च, 2019 को अमेरिका के मियामी में परिषद की बैठक के बाद **अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो** ने की।वर्ष 2018 का फीफा अंडर -17 महिला विश्व कप उरुग्वे में 13 नवंबर से 1 दिसंबर, 2018 तक आयोजित किया गया था। स्पेन ने फाइनल में मेक्सिको को 2-1 से हराकर अपना पहला खिताब जीता था।

**17.** इंदौर के होल्कर क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित फाइनल में पहली **सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी कर्नाटक ने** किसने जीती।
**नोट:** कर्नाटक ने प्रतिष्ठित T-20 ट्रॉफी जीतने के साथ ही 14 T-20 मैच जीतकर एक भारतीय घरेलू टीम द्वारा लगातार सर्वाधिक जीत का रिकॉर्ड बनाया। कर्नाटक ने इंडियन प्रीमियर लीग की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के 14 लगातार जीत के रिकॉर्ड की बराबरी भी की।

**18.** **इंग्लैंड में आयोजित होने वाले ICC विश्व कप** के बाद एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर **जे.पी. डुमिनी है।**
**नोट:** हालांकि, वह दक्षिण अफ्रीका के लिए T-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेंगे। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने वर्ष 2004 में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और इस प्रारूप में 193 मैच खेले हैं।

**19.** **सर्वोच्च न्यायालय** ने वर्ष 2013 के IPL स्पॉट फिक्सिंग मामले में संलिप्तता को लेकर BCCI द्वारा **श्रीसंत** पर लगाए गए आजीवन प्रतिबंध को हटा लिया।
**नोट:** सर्वोच्च न्यायालय ने BCCI को श्रीसंत की बात पर सुनवाई करने और तीन महीने के अंदर सजा पर नया फैसला लेने का निर्देश दिया। हालांकि, अदालत ने कहा कि उसके आदेश का श्रीसंत के खिलाफ लंबित आपराधिक कार्यवाही पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**20.** इंडियन वेल्स का खिताब **डोमिनिक थिएम** ने जीता।
**नोट:** ऑस्ट्रेलिया के **डोमिनिक थिएम** ने स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर को हराकर कैलिफोर्निया में आयोजित **बी.एन.पी. परिबास ओपन का पुरुष एकल** फाइनल जीता। उन्होंने फाइनल में फेडरर को 3-6, 6-3, 7-5 से हराया।

**21.** कनाडा की युवा टेनिस खिलाड़ी **बियांका एंड्रेस्कू** ने तीन बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन **एंजेलिक कर्बर** को हराकर **बी.एन.पी परिबास ओपन खिताब** जीता।
**नोट:** उन्होंने एंजेलिक कर्बर को 6-4, 3-6, 6-4 से हराकर खिताब जीता। इस जीत के साथ उन्होंने 17 मार्च 2019 को कैलिफोर्निया में आयोजित इंडियन वेल्स के रूप में अपने करियर का पहला खिताब जीता।

**22.** देहरादून में आयरलैंड को सात विकेट से हराकर अपना पहला टेस्ट मैच **अफगानिस्तान ने** जीता।
**नोट:** शाह ने 122 गेंदों में 76 रनों की पारी खेली और जनत ने 129 गेंदों में 65 रनों की नाबाद पारी खेली और अफगानिस्तान ने चौथे दिन पहले सत्र के अंदर 147 रनों का लक्ष्य हासिल किया। इस जीत के साथ अफगानिस्तान एक टेस्ट मैच जीतने वाला आई.सी.सी का नवीनतम सदस्य बन गया।



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

**23.** हांगकांग में आयोजित **एशियाई युवा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप** में पदक तालिका में दूसरे स्थान पर **भारत** रहा।

**नोट:** भारत ने कुल 26 पदक जीते जिसमें 8 स्वर्ण, 9 रजत और 9 कांस्य पदक शामिल हैं।चीन ने 31 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया, जिसमें 12 स्वर्ण, 11 रजत और आठ कांस्य पदक शामिल हैं।जापान 20 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा जिसमें 6 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल हैं।

**24.** मेलबर्न, विक्टोरिया में आयोजित सत्र की पहली **ऑस्ट्रेलियाई फॉर्मूला वन ग्रैंड प्रिक्स 2019** वाल्टेरी बोटास ने जीती।

**नोट:** मर्सिडीज के **वाल्टेरी बोटास** ने अपनी टीम के साथी खिलाड़ी विश्व चैंपियन लुईस हैमिल्टन (दूसरे स्थान) को हराकर सत्र की पहली **ऑस्ट्रेलियाई फॉर्मूला वन ग्रैंड प्रिक्स 2019** जीती। 2019 ऑस्ट्रेलियाई ग्रैंड प्रिक्स एक फॉर्मूला वन मोटर रेस थी जो मेलबर्न, विक्टोरिया में आयोजित की गई थी।

**25.** केप टाउन में दक्षिण अफ्रीकी ओपन जीतने के बाद **गोल्फ में लेडीज यूरोपियन टूर** जीतने वाली एकमात्र दूसरी भारतीय महिला -- **दीक्षा डागर।**

**नोट:** डागर के अलावा अदिति अशोक हैं, जो वर्ष 2016 में एल.ई.टी जीतकर पहली भारतीय बनीं थीं। वह छह वर्ष की उम्र से श्रवण यंत्र पहनती हैं।

**26. इंडियन सुपर लीग** का 2018-19 संस्करण **बेंगलुरु एफ.सी. ने** जीता।

**नोट:** एफ.सी. गोवा के **फेरान कोरोमिनास** (16 गोल) ने इंडियन सुपर लीग (आई.एस.एल) 2018-19 का **गोल्डन बूट अवॉर्ड** जीता। बेंगलुरू एफ.सी. के **गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू** ने इंडियन सुपर लीग (आई.एस.एल) 2018-19 का **गोल्डन ग्लव्स अवार्ड** जीता।

**27.** PCB ने ICC में मुकदमा हारने के बाद BCCI को मुआवजे के रूप में **11 करोड़ रुपये** से अधिक का भुगतान किया।

**नोट: पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड** (PCB) ने ICC की विवाद समाधान समिति में एक मुकदमा हारने के बाद मुआवजे के रूप में **भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) को 1.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर का भुगतान** किया है।PCB ने दोनों बोर्डों के बीच हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन का सम्मान नहीं करने के लिए पिछले वर्ष समिति के समक्ष BCCI के खिलाफ 70 मिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि के मुआवजे का मुकदमा दायर किया था।समझौता ज्ञापन के अनुसार, भारत और पाकिस्तान को वर्ष 2015 और वर्ष 2023 के बीच छह द्विपक्षीय श्रृंखलाएं खेलनी थीं, जिसे BCCI पूरा करने में विफल रहा।

**28. एमेच्योर इंटरनेशनल बॉक्सिंग फेडरेशन** (AIBA) के अध्यक्ष **गफूर रहीमोव** ने अपने पद से इस्तीफे की घोषणा की।

**नोट:** रहीमोव, उज़्बेकिस्तान के एक व्यवसायी हैं, जिन पर अमेरिकी अधिकारियों द्वारा संगठित अपराध से संबंध रखने का आरोप लगाया गया है, नवंबर, 2018 में AIBA के अध्यक्ष चुने गए थे। इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (AIBA) एक खेल संगठन है जो अव्यवसायिक तौर पर (ओलंपिक-शैली) मुक्केबाजी के मैचों और पुरस्कारों, विश्व एवं अधीनस्थ प्रतियोगिताओं को मंजूरी देता है। संगठन कई भ्रष्टाचार घोटालों में शामिल रहा है, जिसमें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के कई संस्करण शामिल हैं।

**29.** माउंट मकालू (8485 मीटर) के लिए पहले भारतीय सेना पर्वतारोहण अभियान दल को **महानिदेशक सैन्य प्रशिक्षण ने** हरी झंडी दिखाई।

**नोट:** 8,000 मीटर से ऊंची सभी चुनौतीपूर्ण चोटियों पर चढ़ने के उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए भारतीय सेना मार्च-मई, 2019 में माउंट मकालू के लिए अपना पहला अभियान शुरू कर रही है। माउंट मकालू को सबसे



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें

तैयारी करें

खतरनाक पर्वत चोटियों में से एक माना जाता है और मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और अत्यधिक ठंड की वजह से उस पर चढ़ना बेहद चुनौतीपूर्ण समझा जाता है।

**30.** ताइपे के ताओयुआन में आयोजित **12वीं एशियाई एयरगन चैंपियनशिप** की 10 मीटर एयर पिस्टल **मिश्रित टीम स्पर्धा** में स्वर्ण पदक **मनु भाकर और सौरभ चौधरी ने** जीता।

**नोट:** मनु और सौरभ ने यूरोपीय चैंपियनशिप में रूस की विटालिना बैटसाराशकिना और आर्टेम चेर्नोउसोव के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए कुल 784 अंक हासिल किए। इस जोड़ी ने फाइनल में विश्व रिकॉर्ड को तोड़कर क्वालिफिकेशन में नया रिकॉर्ड बनाया।

**31.** बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (BFI) के पुनर्निर्वाचित अध्यक्ष **-- के. गोविंदराज।**

**नोट:** उन्हें **बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया** (BFI) ने अपनी वार्षिक आम सभा में सर्वसम्मति से अपना अध्यक्ष चुना।अगले छह महीनों के अंदर छह-टीमों की एक नई महिला लीग आयोजित की जाएगी।बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (BFI) भारत में बास्केटबॉल का शासी और नियंत्रण निकाय है।यह सभी स्तरों पर खेल के विकास और प्रोन्नति के लिए उत्तरदायी है।

**32.** लगातार पांचवीं बार SAFF महिला चैंपियनशिप **भारत ने** जीती।

**नोट:** वर्ष 2010 में स्थापना के बाद से चैंपियनशिप में यह भारत की लगातार 23वीं जीत थी।2019 SAFF महिला चैंपियनशिप दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (SAFF) की राष्ट्रीय टीमों के बीच आयोजित होने वाली द्विवार्षिक अंतर्राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप है।

**33.** सुल्तान अजलान शाह कप पुरुष हॉकी टूर्नामेंट (28वां संस्करण) **इपोह, मलेशिया में** आयोजित किया गया।

**नोट:**छह देश (मलेशिया, कनाडा, पोलैंड, जापान और कोरिया) आठ-दिवसीय टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं जो एक राउंड-रॉबिन प्रारूप में आयोजित किया जाएगा।ऑस्ट्रेलिया (गत विजेता) टूर्नामेंट के इस संस्करण में नहीं खेल रहा है।इस टूर्नामेंट का नाम मलेशिया के नौवें यांग डी-पर्टुआन अगॉन्ग (सुल्तान), अजलान शाह के नाम पर रखा गया है।

**34.** इक्वाडोर फुटबॉल महासंघ के पूर्व प्रमुख जिन्हें रिश्वत लेने का दोषी पाए जाने पर फीफा ने खेल से आजीवन प्रतिबंधित किया **-- लुइस चिरिबोगा।**

**नोट:** चिरिबोगा वर्ष 2015 में गिरफ्तार किए गए उन अधिकारियों में से एक थे, जिन्होंने विश्व फुटबॉल में भ्रष्टाचार के खिलाफ अमेरिका की अगुवाई में एक बड़ी कार्यवाही की थी।फीफा की आचरण समिति के न्यायकर्ताओं ने चिरिबोगा को फुटबॉल से संबंधित सभी गतिविधियों के लिए आजीवन प्रतिबंधित किया और उन पर 1 मिलियन स्विस फ्रैंक का जुर्माना लगाया।

**35.** विराट कोहली के बचपन के क्रिकेट कोच जिन्हें 'माल्टा राष्ट्रीय क्रिकेट टीम' का मुख्य कोच नियुक्त किया गया **-- राजकुमार शर्मा।**

**नोट:** माल्टा, मेजबान स्पेन और एस्टोनिया स्पेन में आयोजित होने वाले ICC के डिवीजनल टूर्नामेंट में भाग लेंगे (29 से 31 मार्च, 2019 तक) **द्रोणाचार्य पुरस्कार** प्राप्तकर्ता **राजकुमार शर्मा** (पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी) एक क्रिकेट कोच हैं।**माल्टा राष्ट्रीय क्रिकेट टीम** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में माल्टा गणराज्य का प्रतिनिधित्व करती है।

**36.** BCCI के आचरण अधिकारी (Ethics Officer) **न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) डी.के. जैन है।**

**नोट:** COA ने सर्वोच्च न्यायालय से हितों के संघर्ष के मामलों पर नजर रखने के लिए एक लोकपाल के अलावा एक आचरण अधिकारी (Ethics Officer) नियुक्त करने का अनुरोध किया था।इससे पहले, तीन सदस्यीय COA ने न्यायमूर्ति जैन से स्थाई नियुक्ति होने तक तदर्थ आधार पर आचरण अधिकारी (Ethics Officer) के रूप में कार्यभार संभालने का अनुरोध किया था।



१०० दिन के एक्सप्रेस अध्ययन योजना के साथ आरआरबी जेई परीक्षा की तैयारी करें
तैयारी करें

**37.** भारतीय पुरुष बास्केटबॉल टीम के नए मुख्य कोच के रूप में **वेसलिन मैटिक को** नियुक्त किया गया।

**नोट:** खेल मंत्रालय ने इस सर्बियाई खिलाड़ी के नाम को मंज़ूरी दी।एक अनुभवी अंतर्राष्ट्रीय कोच, मैटिक ने ईरान को वर्ष 2009 FIBA एशिया चैंपियनशिप में जीत दिलाने के साथ ईरान को पहली **विश्व चैंपियनशिप** (2010) के लिए क्वालीफाई करने में सहायता की थी।

| | |
|---|---|
| Detailed Syllabus for CBT 1 & CBT 2 | **Click here** |
| Previous Year Question Paper | **Download here** |

**Gradeup Online Test Series for RRB JE**

| | |
|---|---|
| RRB JE(Civil)/DMS 2019 CBT 1 Exam | **Click here** |
| RRB JE(Mechanical)/DMS 2019 CBT 1 Exam | **Click here** |
| RRB JE(Electrical)/DMS 2019 CBT 1 Exam | **Click here** |
| RRB JE(Electronics)/DMS 2019 CBT 1 Exam | **Click here** |
| RRB JE(IT)(CS)/DMS 2019 CBT 1 Exam | **Click here** |
| **Note**: Questions are same in all the test series for RRB JE CBT 1 Test Series | |

**--------------0--------------**





gradeup

## Banking, SSC, GATE, JEE, NEET & other Online Mock Test Series

- Based on Latest Exam Pattern
- Available in Hindi & English
- Get all India rank & result analysis
- Detailed Solutions
- Can be taken on web & mobile

ANDROID APP ON
Google play




www.gradeup.co